जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 33 संख्याः 101 प्रभात उदयपुर, गुरूवार 12 फरवरी, 2026 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भाजपा राहुल गांधी को घेरने की फिराक में है

### पर, पार्टी में मतभेद हैं कि राहुल को पुनः संसद से ''डिस्क्वालिफाई'' करा दिया जाता है तो वे ''हीरो'' के रूप में उभर सकते हैं तथा जनता में उनके प्रति सहानुभूति उभरेगी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। भाजपा ने राहुल गांधी को घेरने के लिए कमर कस ली है, और उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की पूरी तैयारी में है, क्योंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रियों के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे है और उसे लेकर भाजपा कार्रवाई करना चाहती है।

यह अवसर आज तब आया, जब बजट पर बोलते हुए राहुल गांधी ने मंत्री हरदीप पुरी और उद्योगपति अनिल अंबानी का नाम एप्स्टीन फाइल्स में शामिल होने के संबंध में लिया।

इसके साथ ही राहुल गांधी ने यह भी कहा कि मोदी पर दबाव था, क्योंकि अडानी के खिलाफ अमेरिका की अदालतों में एक मामला चल रहा था, और चूंकि अडानी मोदी के वित्तीय सहयोगी और आर्किटेक्ट हैं, इसलिए प्रधानमंत्री पर दबाव था और उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के मामले में ट्रम्प के सामने समर्पण कर दिया।

- **पर, दूसरी सोच यह है कि राहुल गांधी को सबक सिखाना जरूरी है तथा अगर भाजपा से नज़दीकी रखने वाले चुनाव आयुक्त हों तो डिस्क्वालिफिकेशन से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव छः महीने नहीं होने दे।**
- **पर, बहरहाल अभी तो इस बात पर भाजपा में आम सहमति बनी है कि राहुल गांधी के खिलाफ सदन में ''प्रिवलेज'' प्रस्ताव तो लाया ही जाए, जिस तरह बजट पर बोलते हुए उन्होंने मंत्री हरदीप पुरी व बिज़नैसमैन अनिल अंबानी पर लांछन लगाया कि उनके नाम ''एप्स्टीन फाइल्स'' में आये हैं।**
- **भाजपा, इस बात से भी काफी उत्तेजित है कि जिस तरह राहुल गांधी ने प्र.मंत्री पर कई आरोप लगाए, अमेरिका के सामने आत्म समर्पण किया। पर, दुविधा यह है कि भाजपा निश्चित नहीं कर पा रही है कि राहुल गांधी से किस तरह डील किया जाए।**

सूत्रों का कहना है कि एक विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 50 हस्ताक्षरों की आवश्यकता होती है।

सूत्रों ने बताया कि मोदी सरकार और भाजपा में इस पर मतभेद है कि क्या राहुल गांधी को सदन की सदस्यता के अयोग्य ठहराने की दिशा में आगे बढ़ा जाए।

एक गुट का मानना है कि यह कदम अक्लमंदी नहीं होगा, क्योंकि इससे राहुल गांधी एक ''हीरो'' बन जाएंगे तथा और अधिक लोग उनके प्रति सहानुभूति दिखाएंगे।

दूसरा गुट, जो सख्त रुख अपनाए हुए है, उसका कहना है कि राहुल गांधी को सबक सिखाना चाहिए।

यदि उन्हें अयोग्य घोषित किया जाता है, तो सरकार का आज्ञाकारी चुनाव आयुक्त यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव 6 महीने से पहले नहीं कराए जाएं।

लेकिन वे राहुल गांधी को अपमानित करने के लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाना चाहते हैं।

राहुल गांधी के मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ तीखे शब्दों ने सरकार को आहत किया है, लेकिन सरकार को यह समझ में नहीं आ रहा कि राहुल गांधी के साथ क्या किया जाए,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य के आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता'

नई दिल्ली, 11 फरवरी। केन्द्र सरकार ने आज सुप्रीम कोर्ट को बताया कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य आधार पर डिटेंशन से रिहा नहीं किया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की खंडपीठ को बताया कि अदालत के अनुरोध पर स्वास्थ्य आधार पर डिटेंशन की समीक्षा के लिए गंभीरता से विचार किया गया, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जा सका। मेहता ने कहा कि जेल मैनुअल के अनुसार, वांगचुक की 28 बार चिकित्सकीय जांच की गई है और वे स्वस्थ, ठीक-ठाक और सामान्य हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ पाचन संबंधी समस्या हुई थी, जिसका इलाज चल रहा है और कोई चिंताजनक स्थिति नहीं है। पिछली सुनवाई में जस्टिस वराले ने मौखिक रूप से वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता जताई थी और डिटेंशन पर पुनर्विचार का सुझाव दिया था, जिस पर न्यायमूर्ति कुमार ने भी सहमति व्यक्त की थी। पीठ ने यह भी टिप्पणी की थी कि यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें केंद्र सरकार वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को पूरी तरह नकार रही हो।

- **केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया।**

## 'राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सभी 6 अंतरे बजाना अनिवार्य होगा'

### केन्द्र सरकार ने स्कूलों व सरकारी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। एक राजनीतिक विवाद को फिर से जन्म देने की संभावना की कार्यवाही के अंतर्गत, केन्द्रीय सरकार ने बुधवार को नए दिशा-निर्देश जारी किए, जो सरकारी आयोजनों और स्कूलों में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के सभी छह अन्तरों को गाने की अनिवार्यता तय करते हैं। नए दिशा-निर्देशों में यह भी निर्देश है कि गीत नागरिक पुरस्कार समारोहों में और राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान बजाया जाए। सिनेमा हॉल्स को भी यह गीत बजाना आवश्यक होगा, हालांकि गीत के दौरान वहां बैठे लोगों को खड़ा होना अनिवार्य नहीं होगा।

कांग्रेस, जिसने ''वन्दे मातरम्'' को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था, जाहिर तौर पर सभी छह अन्तरों को अपनाने के विचार से असहज रही है, क्योंकि बाद के अन्तरों में देवी दुर्गा की वंदना की गई है। अक्टूबर 1937 में, कांग्रेस कार्य समिति ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केवल पहले दो अन्तरों को अपनाया गया था, ताकि कथित तौर पर, गीत की धर्मनिरपेक्ष अपील बनी रहे।

- **केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् , राष्ट्रगान जन गण मन से पहले बजाया जाएगा। सिनेमा घरों में भी गीत बजाया जाएगा, पर, इसके लिए खड़े होना अनिवार्य नहीं है।**
- **ज्ञातव्य है कि कांग्रेस ने अक्टूबर 1937 में वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था, तब इसके तीन अंतरे ही मंजूर किए थे। बाद के तीन अंतरे छोड़ दिए गए थे, जिनमें हिंदू देवी मां दुर्गा की वंदना की गई थी।**
- **यह गीत 7 नवम्बर 1875 में लिखा गया था, गत वर्ष नवम्बर में इसकी 150वीं जयन्ती पर संसद का विशेष सत्र बुलाकर भाजपा ने कांग्रेस पर सांप्रदायिक आधार पर गीत को विभाजित करने का आरोप लगाया था।**

देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बढ़ावा देने और देश की धरोहर पर पुनः दावा करने के अपने प्रयासों के तहत, एनडीए सरकार गीत को वह महत्व देने की कोशिश कर रही है, जिसके योग्य यह गीत है। पिछले साल नवंबर से, सरकार राष्ट्रीय गीत, जिसे 7 नवम्बर, 1875 को रचा गया था, के 150 वर्ष की वर्षगांठ का एक वर्ष लंबा उत्सव मना रही है। प्रधानमंत्री ने एक विशेष स्मारिका डाक टिकट और सिक्का जारी करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'डॉक्टर्स को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से बाहर रखा जाए'

### एक जनहित याचिका में की गई इस मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को, एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया तथा जवाब मांगा यह याचिका हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) एसोसिएशन की ओर से दायर की गई है, जिसमें 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चिकित्सा पेशेवरों को बाहर करने की मांग की गई है।

इस जनहित याचिका में कहा गया है कि उपभोक्ता संरक्षण कानून, जो मरीजों को उपभोक्ता अदालतों में दावा करने की शक्ति देता है, चिकित्सा लापरवाही के लिए हर्जाना मांगने का अधिकार प्रदान करता है, और इसमें चिकित्सा पेशेवरों को शामिल करना ''डॉक्टर-पेशेंट रिश्ते के विश्वास को कमज़ोर करता है और चिकित्सा प्रैक्टिस की नैतिक नींव को नष्ट करता है।''

- **सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन ऑफ हैल्थकेयर प्रोवाइडर्स द्वारा दायर जनहित याचिका पर केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय उपभोक्ता मामलात मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।**
- **उपभोक्ता/संरक्षण कानून में चिकित्सा सेवा को भी शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 के एक फैसले में कहा था कि अगर डॉक्टर निःशुल्क सेवा नहीं दे रहे हों तो उनके द्वारा दिया गया इलाज उपभोक्ता सेवा के दायरे में ही आता है।**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) एसोसिएशन (एएचपी) और इसके पूर्व अध्यक्ष, बेंगलुरु के एक डॉक्टर द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया कि चिकित्सा सेवाओं पर उपभोक्ता कानून लागू करने से चिकित्सा प्रैक्टिस में रक्षात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। इसमें कहा गया है कि चिकित्सा लापरवाही की जांच करने के लिए अन्य, अधिक उपयुक्त तंत्र हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'तीन साल से एक जगह तैनात अफसरों का तबादला होगा'

कोलकाता, 11 फरवरी। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही पद या जिले में तैनात प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादले का निर्देश दिया है। बुधवार को आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

- **चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले किया बड़ा फैसला।**

निर्देश के अनुसार, यह आदेश जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी, उप-मंडलाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होगा। इसके साथ ही, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी स्थानांतरित किया जाएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश में जमात ए इस्लामी का रुख भारत के प्रति नरम हुआ

### जमात के नेता कह रहे हैं कि भारत के साथ अच्छे संबंध बांग्लादेश के लिए बेहद जरुरी हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। बांग्लादेश में गुरुवार को होने वाले अहम चुनाव से एक दिन पहले, जिसमें नई सरकार चुनी जाएगी और लोकतांत्रिक सरकार का गठन होगा, जमात का एक प्रमुख उम्मीदवार चर्चा में है। ढाका-14 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार बैरिस्टर मीर अहमद बिन कासेम अरमान एक हाई-प्रोफाइल चुनाव लड़ रहे हैं।

अगस्त 2024 से बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है, क्योंकि जुलाई 2024 में हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली सरकार को हटा दिया गया था।

तब से ध्यान इस बात पर है कि चुनाव के बाद बांग्लादेश पर कौन शासन करेगा। इस दौड़ में दो मुख्य दावेदार हैं, पहली है, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), और दूसरी है, बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी, जो एक कट्टर इस्लामी पार्टी है और समाज के सभी वर्गों के मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

- **जमात के एक कद्दावर नेता, मीर अहमद बिन कासेम अरमान, जो ढाका-14 से चुनाव लड़ रहे हैं, का मुकाबला बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की ताकतवर नेता संजीदा इस्लाम से है। अरमान ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के लिए जरुरी हैं। हमें साथ मिलकर काम करना होगा।**
- **बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने हैं और उसके बाद वहाँ निर्वाचित सरकार सत्ता में आएगी। फिलहाल मरहूम खालिदा ज़िया की बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी आगे चल रही है, जिसे उदारवादी छवि के कारण सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।**
- **लेकिन, जमात का बदलता रुख संकेत दे रहा है कि अपने भारत विरोधी और पाक समर्थक ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी जमात भारत के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रही है।**

ढाका-14 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार अरमान एक हाईप्रोफाइल चुनाव लड़ रहे हैं। वे बांग्लादेश में जबरन गायब किए जाने की घटनाओं के पीड़ित रह चुके हैं। वे बीएनपी की उम्मीदवार संजीदा इस्लाम उर्फ तुली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो 'मदर्स कॉल' नाम के संगठन की समन्वयक हैं। यह संगठन जबरन गायब किए गए लोगों के परिवारों द्वारा बनाया गया है। अरमान ने कहा, ''हम फिर से तानाशाही नहीं चाहते। मैं जबरन गायब किए जाने का शिकार रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि जनमत संग्रह में 'हां' की जीत होगी।''

अरमान जमात के बड़े नेताओं में से एक हैं और भारत के साथ मिलकर काम करने की वकालत कर रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रितु तावड़े बनीं मुम्बई की मेयर

मुंबई, 11 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद रितु तावड़े बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की निर्विरोध महापौर चुनी गई हैं। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद संजय घाड़ी उपमहापौर बने हैं। इसकी घोषणा बुधवार को बीएमसी मुख्यालय में निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने की।

आयुक्त गगरानी ने कहा कि महापौर पद के लिए केवल भाजपा पार्षद रितु तावड़े का ही नामांकन प्राप्त हुआ था, इसलिए उन्हें बीएमसी का महापौर घोषित किया जाता है। इसी तरह, उपमहापौर पद के लिए केवल संजय घाड़ी का ही नामांकन प्राप्त हुआ, इसलिए उन्हें उपमहापौर घोषित किया जाता है।

- **शिवसेना (शिंदे गुट) के संजय घाड़ी बने डिप्टी मेयर।**

इस दौरान, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने रितु तावड़े और संजय घाड़ी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'आपने भारत माता को बेच दिया, आपको शर्म नहीं आ रही'

### राहुल गांधी ने सदन में प्र.मंत्री मोदी पर लांछन लगाया कि देश का मार्केट अमेरिका के कृषि उत्पादनों व डेयरी प्रॉडक्ट के लिए खोलकर करोड़ों भारतीय किसानों के जीविकोपार्जन को खतरे में डाल दिया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिका के साथ हुए व्यापार और टैरिफ समझौते को लेकर सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के कृषि और डेयरी मार्केट को अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खोलकर ''भारत माता को बेच दिया'' है।

गांधी ने गजरते हुए कहा कि सरकार को ''शर्म आनी चाहिए''। उन्होंने विपक्षी नेताओं की इस आलोचना को दोहराया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने अमेरिकी सामान को भारत में आने की अनुमति देकर करोड़ों किसानों, खासकर छोटे और सीमांत किसानों, तथा उनसे जुड़े उद्योगों की रोजी-रोटी को खतरे में डाल दिया है।

उनकी आलोचना का मुख्य आधार यह दावा था कि अमेरिका के टैरिफ, 2025 से पहले के औसत तीन प्रतिशत, जो बेसलाइन एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) दरों का हिस्सा थे, से बढ़कर इस महीने हुए समझौते के बाद 18 प्रतिशत हो गए हैं।

बीच में, डॉनल्ड ट्रंप ने अनुचित टैरिफ की शिकायत की और ''रैसिप्रोकल'' शुल्क लागू करने की घोषणा की, तब ये दरें 50 प्रतिशत तक पहुंच गई थीं। इसके बाद भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत की ''पैनल्टी'' भी लगाई गई थी।

- **राहुल गांधी ने कहा, ट्रेड डील से अमेरिका का टैरिफ तीन प्रतिशत से बढ़ाकर अब 18 प्रतिशत करना स्वीकार कर लिया गया है।**
- **ट्रेड डील में राहुल गांधी के अनुसार, हम पर लागू टैरिफ तीन प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है, पर, अमेरिका पर भारत द्वारा लगाया गया टैरिफ अब 16 प्रतिशत से घट कर ज़ीरो प्रतिशत हो गया है।**
- **साथ ही, राहुल गांधी ने यह भी कहा कि हमारे ऊपर कई प्रतिबद्धताएं लागू हो गई हैं, नई ट्रेड डील से, पर, अमेरिका पर कोई शर्त या प्रतिबद्धता लागू नहीं हुई है।**
- **राहुल के अनुसार, भारत नई ट्रेड डील में 500 अरब डॉलर की एनर्जी व अन्य टैक्नॉलजी प्रोडक्ट्स अमेरिका से खरीदेगा, पर, भारत का अमेरिका को निर्यात जो अभी 46 अरब डॉलर है, से बढ़कर 176 अरब डॉलर ही हो पाएगा।**

गांधी ने कहा, ''आपने भारत को बेच दिया... क्या भारत को बेचने में आपको शर्म नहीं आती?'' उन्होंने कहा, ''इतिहास में पहली बार हमारे किसान बड़े संकट का सामना कर रहे हैं और आपने हमारे गरीब किसानों को कुचलने के लिए दरवाजा खोल दिया है।''

उन्होंने कहा, ''किसी भी प्रधानमंत्री ने पहले ऐसा नहीं किया।'' उन्होंने जोर देकर आगे कहा कि इस समझौते में ''कोई तर्क नहीं'' है।

उन्होंने कहा, ''आपने यह क्या किया... शुरुआत में तीन प्रतिशत औसत था। अब यह 18 प्रतिशत हो गया है, यानी छह गुना बढ़ोतरी। अमेरिका से आयात 46 अरब डॉलर से बढ़कर 146 अरब डॉलर हो जाएगा... यह पूरी तरह बेतुका है।''

गांधी ने कहा, ''उनकी हमारे प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं है... लेकिन हमारी उनके प्रति प्रतिबद्धता है।'' गांधी उस प्रावधान का जिक्र कर रहे थे, जिसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पैनग्विन रैंडम हाउस को नोटिस

नई दिल्ली, 11 फरवरी। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल (विशेष प्रकोष्ठ) ने पैनग्विन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी तरफ, दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक को लेकर दर्ज मामले में और सीक्रेट एक्ट व कॉपी राइट की धाराएं भी जोड़ी हैं।

- **दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के मामले में इस पब्लिशिंग हाउस से जवाब तलब किया है।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अवसर तुम्हारा दरवाज़ा एक ही बार खटखटाता है। –कहावत

# भजनलाल सरकार का तीसरा बजट: हर राजस्थानी के सपनों को पूरा करने वाला बजट है

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को राज्य विधान सभा में वर्ष 26-27 का सालाना बजट प्रस्तुत करते हुए आशा व्यक्त की है कि यह बजट हर राजस्थानी के सपनों को पूरा करेगा। यह एक बहुत ही संतुलित, सर्वसमावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बजट है। इस बार बजट का कुल आकार 21 लाख 52 हजार 100 करोड़ रुपये रखा गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 41.39 प्रतिशत अधिक है, जो राजस्थान के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट पिछले साल की तुलना में करीब 10 फीसदी ज्यादा है। इस बजट में राज्य सरकार ने किसानों, महिला सशक्तिकरण, युवाओं और रोजगार को फोकस में रखा है। बजट प्रदेश की जनता के प्रति सरकार के प्रत्येक दायित्व को पूरा करने का संकल्प दर्शाता है। इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण है।

ये विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देता देगा। विकसित राजस्थान को साकार करने के लिए इस विकास यात्रा में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति की अहम भूमिका को सरकार ने सेवा, समर्पण एवं सुशासन को प्राथमिकता दी है। इस बजट में गरीबों और किसानों का कल्याण, वंचितों का सम्मान और महिलाओं और हर वर वर्ग का उत्थान शामिल है। यह बजट प्रधान मंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को सार्थक करेगा। यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक शानदार बजट है। बजट में समाज के सभी वर्गों को कमोवेश राहत प्रदान की गई है।

वित्त मंत्री ने आम आदमी के कल्याण की विभिन्न घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए अपनी सरकार का मंतव्य भी स्पष्ट कर दिया। यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और सभी क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। बजट में समाज के सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास किया है। यह विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने वाला एक बेहतरीन बजट है। सरकार का दावा है कि यह बजट सभी वर्गों का सम्मान करते हुए लोगों का जीवन आसान बनाने पर केंद्रित है।

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने जहां तारीफों के पुल बांधे वहीं विपक्षी सदस्यों ने कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है।

बजट में आम तौर पर फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरे, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदार कैसे बने, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। वित्त मंत्री ने अपने तीन घंटे के भाषण में हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है। बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किए गए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र में सड़कों के लिए 1800 करोड़ रुपए बजट प्रस्ताव, ब्लैक स्पॉट्स सुधार के लिए 100 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च होंगे, 42 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का विस्तार किया जायेगा। बजट में 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए हाईपावर कमेटी बनाने की घोषणा की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और सुव्यवस्थित संचालन के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी स्थापित की जाएगी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को खेल किट और 'जादुई पिटारा' उपलब्ध कराया जाएगा। यह कदम शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों को मजबूती देने की दिशा में माना जा रहा है। शेखावाटी तक हथनी कुंड से यमुना का पानी लाने की 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजना जल्द शुरू होगी। बीसलपुर की दायीं मुख्य नहर के 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये से फव्वारा सिंचाई प्रणाली लागू की जाएगी। अगले वर्ष 50 हजार सोलर पंप लगाने पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे और कृषि यंत्रों पर 160 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा 8000 डिग्गियों का निर्माण और 36 हजार फार्म पोंड के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिससे 80 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजमार्गों पर विकसित की जाएगी वे साइड एमेनिटीज। लॉजिस्टिक पार्क के लिए 400 करोड़ का बजट,, के लिए 920 करोड़ का प्रावधान। 600 ट्यूबवेल और 120 नए हैंड पंप लगाए जाएंगें। राजधानी जयपुर में 10 करोड़ की लागत से सेंटर फॉर एक्सीलेंस, मोबाइल वॉटर टेस्टिंग लैब होगी शुरू होंगी। 1050 तकनीकी कर्मचारियों के संविदा काडर में वृद्धि करते हुए 3000 पदों पर भर्ती की जाएगी। नॉनपैचेबल सड़कों के लिए 1400 करोड़ दिए जायेंगे। 220 केवी के 6, 132 केवी के 13 और 33 केवी के 110 नए जीएसएस की घोषणा की गई है। वर्षा जल निकासी और बाढ़ सुरक्षा के लिए जयपुर में 500 करोड़ रुपए और सड़क सुधार सुधार पर 2700 करोड़ खर्च होंगे। अजमेर में 200 करोड रुपए के ड्रेनेज सिस्टम कार्य होंगे। 2000 पदों पर अतिरिक्त संविदा भर्ती का ऐलान। प्रदेश में बिना डॉक्युमेंट वाले मरीजों को भी फ्री इलाज़ मिलेगा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए बडा ऐलान करते हुए कहा कि करीब 130 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कई काम किए जाएंगे। 16 लाख से ज्यादा महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने और रोजगार के पर्याप्त अवसर देने के लिए जिला स्तर पर ग्रामीण महिला बीपीओ स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का व्यय किया जाना प्रस्तावित है। महिला उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना के अंतर्गत राज्य की लखपति दीदियों को ब्याज अनुदान पर दिए जा रहे ऋण की सीमा बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दी गई है।

**बजट में आम तौर पर फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरे, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदार कैसे बने, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। वित्त मंत्री ने अपने तीन घंटे के भाषण में हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है। बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किए गए हैं।**

भरतपुर के नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा हेतु 1020 करोड़ का प्रावधान। विभिन्न स्थानों पर नवीन औद्योगिक पार्कों की होगी स्थापना। ट्रांसफार्मर, फीडर और सब स्टेशन की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग। अजमेर डिस्कॉम के ग्रिड को किया जाएगा एआई इनेबल्ड। एनटीए के तर्ज पर राजस्थान स्टेट एजेंसी की स्थापना की घोषणा। 28 लाख परिवारों के लिए आवास निर्माण का कार्य स्वीकृत। ऑनलाइन सुविधा युक्त टेस्ट सेंटर्स का भी होगा निर्माण। नगर निकायों में 4 लाख नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख युवाओं को 10 लाख तक के ऋण पर ब्याज अनुदान की सुविधा मिलेगी। बांधों के डाउन स्ट्रीम में लगेंगे सायरन, खर्च होंगे 10 करोड़ रुपए।

**–अतिथि संपादक,**
**बालमुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 12 फरवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 1:42 तक, हर्षण योग रात्रि 3:06 तक, विष्टि करण दिन 12:23 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:42 से धनु राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह आज भद्रा दिन 12:23 तक है। आज फाल्गुनी संक्रांति सूर्य कुम्भ में रात्रि 4:09 पर प्रवेश करेगा। आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:33 तक, चर 11:18 से 12:41 तक, लाभ-अमृत 12:41 से 3:27 तक, शुभ 4:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:12

### मेष
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### वृष
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

### मिथुन
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कर्क
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा।

### कन्या
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### तुला
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### वृश्चिक
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### धनु
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात मन:स्थिति में सुधार होगा।

### मकर
आर्थिक/वित्तीय मामलों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# आम आदमी को राहत व प्रदेश के विकास को आगे ले जाने वाला बजट



सी.ए. शंकर अग्रवाल

आर्थिक विशेषज्ञ सी.ए. शंकर अग्रवाल ने राज्य बजट को आम आदमी को राहत व अनेक विकास योजनाओं के साथ-साथ भविष्य के विकसित राजस्थान का नक्शा प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने हर वर्ग चाहे किसान हो या व्यापारी, महिला, युवा, उद्यमी सभी वर्गों का ध्यान रखकर बजट प्रस्तुत किया है। गांव गरीब और किसान के साथ-साथ उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व इन्फ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्रों को प्रगति पथ पर ले जाने का सरकार का इरादा साफ झलकता है। राजस्थान पर्यटन क्षेत्र में अग्रणी है। अत: पर्यटन को बढ़ावा देने की अनेक घोषणाऐं राज्य के विकास का आधार बनेगा। महिला सशक्तिकरण हेतु लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत सोलह लाख लखपति दीदी, व्यवसाय हेतु मिलने वाला ऋण एक से बढ़कर डेढ़ लाख रूपये करना महिलाओं को प्रशिक्षण व बच्चों हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन से छ: वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा हेतु पंजीयन करना। किसानों को 25000 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण तारबंदी हेतु दस से घटाकर सात किसानों की संख्या 2098 ग्राम पंचायत स्तर पर बर्मी कम्पोज खाद केन्द्र बनाये जायेंगे। 500 सोलर पम्पस पर 1500 करोड़ का खर्च, हरियाणा से किसानों को पानी उपलब्ध करवाना एवं 2.50 लाख किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध करवाने की घोषणा निश्चित ही प्रदेश के किसानों की हालत में सुधार के साथ-साथ राजस्थान कृषि क्षेत्र में अग्रणी होगा। अभी भी राजस्थान की कृषि का देश की औसत जीडीपी में योगदान 27 प्रतिशत है जो देश के अन्य राज्यों से कहीं ज्यादा है। राजस्थान का पहला बजट 7 अप्रेल 1952 को राज्य विधानसभा में नाथूराम मिर्धा ने वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत किया था, जिसमें 1605.17.लाख का राजस्व व 1620.17 लाख का खर्च था। आज हमारे बजट में 325740.14 करोड़ का राजस्व एवं 350054.07 करोड़ का राजस्व व्यय है। दूसरे शब्दों में कहूं तो वर्षों तक पिछडा राजसीन कहलाने का कलंक राज्य की जनता ने झेला है।

आज हमारा राज्य पिछड़ा व बीमार राज्य से निकल कर विकासशील राजस्थान की अग्र श्रेणी में आ गया है। यह हमारे सभी के प्रयासों व सरकार की इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज 16430 किमी. की सड़कों का जाल राजस्थान में बिछा है, कहीं भी जायें सड़कों को देखकर राजस्थान की प्रगति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राज्य की जीडीपी का देश की जीडीपी में 5.18 प्रतिशत योगदान है। किसी समय में हमारी जीडीपी दो से ढ़ाई प्रतिशत तक सीमित थी। आज राज्य की जीडीपी में 46 प्रतिशत हिस्सा सेवा क्षेत्र का है जिसमें पर्यटन सेवा, खनिज उद्योग क्षेत्र का बड़ा योगदान है। इसके अलावा 27 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र व 27 प्रतिशत कृषि क्षेत्र का योगदान है। जहां राज्य में प्रवासी राजस्थानी उद्योग लगाने से डरते थे, क्योंकि यहां आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ बिजली-पानी का अत्यन्त अभाव था। राजस्थान जहां किसी समय में 3952 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, वहीं आज 6739 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। जल आपूर्ति हेतु अनेक योजनाओं पर काम जारी है। अत: यह मानने में संकोच नहीं होना चाहिए कि राजस्थान में सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। यह बहस का विषय हो सकता है कि किस सरकार ने कितना विकास कर राज्य को आगे बढ़ाया है। आज वित्त मंत्री ने राजस्थान की इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुये हर क्षेत्र को बिना नये कर लगाये, अतिरिक्त बजट देना व अनेक विकास योजनाओं की घोषणा निश्चित ही राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

**–सी.ए. शंकर अग्रवाल**

# आर्य समाज के संस्थापक "स्वामी दयानन्द सरस्वती"

## 12 फरवरी 2026 को स्वामी दयानन्द सरस्वती की 202वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन



डॉ. जे.के. गर्ग,

आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान विचारक, समाज सुधारक थे। उनका जन्म गुजरात के टंकारा में ओडीचय परिवार के अंदर 12 फरवरी 1824 को हुआ था, उनके बचपन का नाम मूल शंकर था। उन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया और मूर्तिपूजा, छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने 1875 में आर्य समाज की स्थापना कर वैदिक धर्म के पुनरुत्थान और हिंदी और स्वराज्य के लिए कार्य किया। उन्होंने सत्य की खोज में युवावस्था में ही घर छोड़ दिया था।

**वेदों और वैदिक दर्शन के प्रकांड विद्वान**

10 अप्रैल 1875 को मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा का विरोध किया और महिला शिक्षा व विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। हिंदी में सत्यार्थ प्रकाश उनका प्रसिद ग्रन्थ है। उन्होंने वेदभाष्य, और संस्कार विधि की रचना की। उन्होंने ही स्वराज्य का नारा सबसे पहलें 1876 में दिया। 30 अक्टूबर 1883 को दीपावली के दिन अजमेर में उनका निधन हुआ।

**स्वामी दयानंद सरस्वती मूर्ति पूजा के विरोधी थे**

स्वामी दयानंद ने अंधविश्वासों को मिटाकर वैदिक ज्ञान को पुनः स्थापित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचारों का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनकी समाधि अजमेर में है। वे मूर्ति पूजा के विरोधी थे। स्वामी जी यज्ञ पर विशेष जोर देते थे। आर्य समाज के अनुयायी देश के विभिन्न हिस्से में निवास करते हैं।

**–डॉ. जे.के. गर्ग, पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# एक प्रगतिशील मुस्लिम राष्ट्र: ओमान



प्रो .कैलाश सोडाणी

मेरी विद्यार्थी प्रोफेसर कनिज फातिमा, जो पिछले 16 वर्षों से ओमान की निजवा विश्वविद्यालय में शिक्षक है, के निमंत्रण पर मुझे ओमान यात्रा का अवसर मिला। विश्वविद्यालय में लगभग 10000 विद्यार्थी एवं 400 शिक्षक हैं। जिनमे से 50 प्रतिशत शिक्षक अन्य देशों से हैं। उच्च शिक्षा के मामले में ओमान काफी पीछे था। सरकार एवं जनता दोनों में जागरूकता आयी है। ओमान में लगभग 29 विश्वविद्यालय हैं, उनमें निजी और सरकारी दोनों शामिल है। सरकार बहुत ही आधुनिक एवं डिजिटल व्यवस्था से पूर्ण श्रेष्ठ इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त विश्वविद्यालय बना रही है। यही कारण है कि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में ओमान के 10 विश्वविद्यालय शामिल है। निजवा विश्वविद्यालय ओमान का सर्वोच्च रैंकिंग वाला विश्वविद्यालय हैं।

विश्वविद्यालय में क्लास-रूम टीचिंग के प्रति बहुत गंभीरता है। विद्यार्थियों की उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत रहती है। पुस्तकालय बहुत ही धनाढ्य एवं आधुनिक है। प्राय: अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं कैफेटेरिया में ही लंच लेते हैं, जहां बहुत ही उम्दा किस्म का भोजन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध है। पूरा विश्वविद्यालय ही वातानुकूलित है एवं कैंपस में पूर्ण शांति का माहौल है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एक मुस्लिम देश के विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या 90 प्रतिशत है। लडकियों में उच्च शिक्षा के प्रति यह जागरूकता ओमान के उज्जवल भविष्य की गारंटी प्रदान करती है। साथ ही छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति कमजोर मानसिकता चिन्ता का विषय है।

ओमान एक शांतिप्रिय, सुरक्षित एवं प्रगतिशील मुस्लिम राष्ट्र है। जहां सुल्तान के प्रभुत्व को स्वीकार करते हुए प्रजातांत्रिक व्यवस्था का लाभ भी ले रहे हैं।

आबादी लगभग 54 लाख है, जिसमें से 45 प्रतिशत प्रवासी हैं। प्रवासी समुदाय में सर्वाधिक संख्या भारतीयों की है, जो लगभग 9 लाख है। ओमान का कुल क्षेत्रफल लगभग 3,09,500 वर्ग किलोमीटर है। अपनी प्राचीन संस्कृति, पारंपरिक वास्तुकला, रेगिस्तानी नजारों और खूबसूरत समुद्री तटों के लिए मशहूर है। निजवा का म्यूजियम बहुत ही सराहनीय है। जहाँ ओमान के पुरातन से लेकर विकास की वर्तमान यात्रा को डिजिटल व्यवस्था से प्रदर्शित किया गया है। भारत के बड़े शहरों में भी इस प्रकार के म्यूजियम बनाने की आवश्यकता है। पर्यटन और मेहमान-नवाजी देश की पहचान है। देश की अर्थव्यवस्था तेल एवं गैस पर निर्भर है।

देश की शत-प्रतिशत आबादी को बिजली, पानी, शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। बहुत ही मजबूत एवं खूबसूरत सडके हैं। लोगों में उच्च स्तर का ट्राफिक सेंस है इसलिए गाडियां 125-150 किलोमीटर की रफ्तार से बिना हॉर्न की आवाज के दौड रही है। पूरे देश में पार्किंग व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है।

पूरा देश स्वच्छ है। नागरिक स्वच्छता एवं ट्राफिक व्यवस्था के प्रति बहुत ही गंभीर एवं अनुशासित हैं। कानून की पालन करना उनके जीवन शैली का स्वाभाविक हिस्सा बन चुका है। नीचे के स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं है। नागरिकों का जीवन स्तर अच्छा है। लोग प्राय: दिन में मकान और दुकान पर ताला ही नहीं लगाते हैं। आप कभी कोई चीज कहीं भूल जाते है, दो-चार दिन बाद भी वह वस्तु वहीं मिलती है।

भारत और ओमान के मध्य अच्छे संबंध है। 2024 में दोनों देशों के मध्य 10.61 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत के निर्यात 4.06 अरब डॉलर के मुकाबले आयात अधिक है, जो 6.55 अरब डॉलर है। कुछ दिनों पूर्व हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओमान यात्रा के दौरान जो समझौते हुए उसके आधार पर अगले पाँच वर्षों में दोनों देशों का व्यापार 20 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगा। पिछले 15 वर्षों से रह रहे भारतीय व्यापारी श्री मोइज के अनुसार ओमान में व्यापार करना बहुत ही सहज है। एक बार जो हिंदुस्तानी यहां आ गया, वह यहां के सौहार्दपूर्ण वातावरण में रम-बस जाता है।

इस यात्रा में मेरे एक और विद्यार्थी से मुलाकात हुई। श्री अशोक पुरोहित जो पत्रकार है और ओमान टाइम्स में सह-संपादक है, पिछले 26 वर्षो से ओमान में ही कार्यरत है। भारत एवं ओमान के श्रेष्ठ संबंधों पर चर्चा के दौरान एक बहुत अच्छे वाकिये से वाकिफ करवाया। 1996 में भारत के तत्कालीन माननीय राष्ट पति डॉ. शंकरदयाल शर्मा ओमान यात्रा पर पधारे। ओमान के सुल्तान (राष्ट्रपति) काबूस बिन सईद का अध्ययन-अध्यापन भारत में हुआ था। डॉ. शंकरदयाल जी उनके शिक्षक थे। सुल्तान काबूस ने एक विद्यार्थी की हैसियत से अपने शिक्षक का भाव-भीना ऐतिहासिक स्वागत किया। डॉ. शर्मा हमारे सुल्तान के शिक्षक है, इसी भावना से संपूर्ण ओमान में वहाँ के नागरिकों ने सडक के दोनों ओर खड़े होकर डॉ. शंकरदयाल जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**–प्रो .कैलाश सोडाणी, पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

# ग्रामीण भारत को विकसित बनाने की संकल्पना पूर्ण करने में मददगार होगी वीबी-जी राम जी



खेमचन्द बैनीवाल

वीबी-जी राम जी- विकसित भारत जिसका पूरा नाम रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) है, ग्रामीण विकास ढांचे को मजबूत बनाने का संकल्प है। यह विकसित भारत 2047 के केन्द्रीय बिन्दुओं युवा, किसान, महिला और गरीब को सशक्त करने का रोडमैप है। गरीब और किसान को सीधा कनेक्ट करने वाली यह योजना जरूरतमंद ग्रामीण आबादी विशेषकर गरीब(उसे ज्यादा जरूरत है) को पर्याप्त रोजगार की गारंटी देती है और किसान को खाली समय में अतिरिक्त रोजगार प्रदान करने के साथ ही व्यवस्था करती है जिससे पीक सीजन में श्रम की इतनी अनुपलब्धता न हो जाए कि खेती घाटे का सौदा हो जाए या हमारी खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाए। इसके साथ ही यह भारतीय कृषि को परोक्ष रूप से वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाती है।

यह योजना हर ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी की वैधानिक गारंटी देती है, ग्रामीणों का सशक्तीकरण करती है, महात्मा गांधी, दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख की ग्राम स्वराज और ग्राम विकास की संकल्पनाओं को साकार करने का रास्ता तैयार करती है।

**छीजत पर रोक, एआई टूल्स का अपयोग कर गड़बड़ी की सम्भावना करेंगे शून्य-**

इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार दिया, विशेषकर विपरीत मौसम के समय ग्रामीण आबादी को बीमा जैसे सुविधा दी लेकिन भविष्य के लिए टिकाऊ परिसम्पत्तियों के निर्माण करने में उतनी सफल नहीं हो पायी और इसी बिन्दु पर वीबी-जी राम जी जैसी योजना की आवश्यता महसूस की गई।

नई योजना का फोकस जल सुरक्षा और जल संरक्षण पर है जिसमें सिंचाई सुविधाओं का विकास और बाढ़ बचाव कार्य भी शामिल हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से किसान व परोक्ष रूप से समूची ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा।

यह योजना 'विकसित ग्राम पंचायत' संकल्पना को साकार करने के लिए 'पीएम गति शक्ति' के साथ एकीकृत करने का स्वप्न बुनती और साकार करती है ताकि ग्राम पंचायतों की विविध आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके जिससे सड़क बनने के बाद पाइपलाइन के लिए सड़क नहीं तोड़नी पड़े या इकॉलोजी सिस्टम को हानि पहुंचाने वाला या नदी बहाव में रूकावट ड़ालने वाला जल संरक्षण ढांचा स्वीकृत या निर्मित न हो।

योजना का लाभ समय पर मिले और पूरा मिले, इसके लिए व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से सुशासन, जवाबदेही और नागरिक सहभागिता को आधुनिक किया गया है। इसमें विभिन्न स्तरों पर बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, जीपीएस या मोबाइल-आधारित कार्यस्थल निगरानी, रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम , डैशबोर्ड, सक्रिय सार्वजनिक प्रकटीकरण, बेहतर और नियमित ऑडिट तथा धोखाधड़ी-जोखिम न्यूनीकरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) का उपयोग शामिल करने की परिकल्पना है।

**समय पर भुगतान, समय पर रोजगार नहीं तो बेराजगारी भत्ता-**

दैनिक मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर या असामान्य स्थिति में पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। राज्य सरकार वित्तीय वर्ष में बुआई तथा कटाई की चरम कृषि ऋतुओं को कवर करने वाली कुल साठ दिनों की ऐसी अवधि को अग्रिम अधिसूचित करेगी, जिसमें इस अधिनियम के अधीन कार्य नहीं किए जाएंगे। इससे किसानों को अपने खेतों में मजदूरी की कमी नहीं होगी व किसान-मजदूर सभी लाभ में रहेंगे। यदि योजना के अंतर्गत रोजगार आवेदक को आवेदन प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर या जिस तिथि से रोजगार मांगा गया है, रोजगार प्रदान नहीं किया जाता है तो वह इस धारा के प्रावधानों के अनुसार दैनिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होगा।

**विकास और योजना की धुरी है ग्राम पंचायत-**

ग्राम पंचायत परिवार पंजीकरण एवं ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने, आवेदन लेने, मास्टर रोल जारी करने, रोजगार आवंटन करने का कार्य करेगी। ग्राम सभा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण करेगी जो ग्राम स्वराज की संकल्पना को साकार करती है।

इस योजना में विशेष ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड का प्रावधान है। यह एकल महिला, दिव्यांग, साठ वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मुक्त बंधुआ मजदूर, विशेष श्रेणी के जनजातीय समूह के व्यक्ति हो व ट्रांसजेंडर को उपलब्ध होगा। यह कार्ड सामान्य कार्ड से अलग रंग का होगा, जो उस श्रमिक का कार्य मूल्यांकन और कार्यस्थल सुविधाओं में विशेष संरक्षण सुनिश्चित करेगा। न्यूनतम 10 मजदूर उपलब्ध होने पर नया कार्य शुरू होगा, वनीकरण कार्यों में इस संख्या में छूट रहेगी।

**–खेमचन्द बैनीवाल, सहायक लेखा अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर।**

## उत्तर-पश्चिम रेलवे ने उच्चतम राजस्व प्राप्त किया

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025-26 में टिकट चेकिंग में अब तक का उच्चतम राजस्व प्राप्त किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे नें टिकट चेकिंग में इस वित्त वर्ष 2025-26 में 9 फरवरी तक टिकट चेकिंग से 63.50 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया है जोकि पिछले वर्ष इस अवधि में प्राप्त टिकट चेकिंग राजस्व की तुलना में 27.01 प्रतिशत अधिक है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है। 63.50 करोड़ रूपए का यह राजस्व उत्तर पश्चिम रेलवे के पिछले उच्चतम वार्षिक राजस्व 63.22 करोड़ रूपए (वित्त वर्ष 2023-24) के आंकड़े को 50 दिन पहले पार कर चुका है। अमित सुदर्शन ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए टिकट चेकिंग अभियान के साथ यात्रियों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। टिकट चेकिंग के लिए विशेष योजना बनाई जाती है। इसके लिए विभिन्न रेलखण्डों में टिकटों की बिक्री, फील्ड स्टॉफ के फीडबैक तथा रेल मदद पोर्टल की समीक्षा कर टिकट चैकिंग की योजना बनाई जाती है। इस से ना सिर्फ रेल राजस्व में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों की शिकायतों में कमी और रेल उपयोगकर्त्ताओं की संतुष्टि में भी वृद्धि हो रही है।

# भाजपा ने बजट को जनकल्याणकारी जबकि विपक्ष ने छलावा व दिशाहीन बताया

**उदयपुर, (कासं)** । राजस्थान सरकार द्वारा बुधवार को प्रस्तुत बजट 2026.27 को भाजपा ने जहाँ जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी बताया है वही पर विपक्ष ने इसे पूरी तरह से छलावा बताते हुए दिशाहीन एवं जन विरोधी बजट बताया है।

प्रदेश के बजट को लेकर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य के सर्वांगीण विकास का बजट पेश किया है, जिसमें सरकार ने किसान,गृहणी, मजदूरों के साथ.साथ युवाओं का भी पूरा ध्यान रखा है।दूसरी और उदयपुर देहात एवं शहर जिला कांग्रेस ने वक्तव्य जारी कर राजस्थान सरकार के बजट को पूरी तरह दिशाहीन एवं आंकडों की बाजीगरी कहा है।उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि यह बजट युवाओं को रोजगार नहीं देता, किसानों को राहत नहीं देता,महंगाई से परेशान आम आदमी को कोई सहारा नहीं देता। केवल घोषणाओं का ढोल पीटा गया है लेकिन धरातल पर काम का कोई भरोसा नहीं देता है। पर्ची सरकार का यह बजट सिर्फ आंकडों की बाजीगरी है,इसमें विकास का कोई रोडमैप ही नहीं है।

उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने बजट पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि पर्ची सरकार का बजट हर बार की तरह इस बार भी कागजों तक सिमटी हुई घोषणाओं का पुलिंदा है। बजट को लेकर हर वर्ग को उम्मीद थी लेकिन वह भी निराशा में ही तब्दील हो गई। निवेश प्रोत्साहन के नाम पर सरकार ने सिर्फ प्रचार किया है परंतु जमीनी स्तर पर निवेश होता दिख नहीं रहा है।

कृषि आय में बढोतरी के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। युवाओं के स्वावलंबन के लिए जो घोषणाएं की गई हैंए उनकी पूर्ति और पहले की घोषणाओं का डाटा अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कुल मिलकर पर्ची सरकार का यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन एवं जनविरोधी है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव राजपुरोहित ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पर्ची सरकार द्वारा दिए गए पिछले तीन बजट में 2718 से अधिक घोषणाएं करी गई थी जिनमें से सिर्फ 750 घोषणाएं ही पूरी हो पाई है। 707 घोषणाएं ऐसी करी गई जिनको आज तक छुआ भी नहीं गया है। इस बार भी सिर्फ जुमला बजट दिया गया है।

माकपा जिला सचिव और पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने राज्य की वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट को राजस्थान की जनता को ऊंचे सपने दिखा फिर से ठगने वाला बताया। सिंघवी ने बजट को आम जनता, मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान, छात्र, युवा के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में न हो मात्र लफ्फाजी होना बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी के बजट में यह उद्बोधन कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह सोचना है कि राजस्थान का युवा नौकरी लेने वाला नहींए नौकरी देने वाला बने ष्एक तरह से युवाओं के घावों पर नमक छिडकने जैसा हो रोजगार की इंतजार कर रहे युवाओ के साथ क्रूरता है

## लेपर्ड को पकड़ने वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के घासा थाना क्षेत्र की मांगथला ग्राम पंचायत में लेपर्ड को पकडने के लिए वन विभाग ने बीती रात पिंजरा लगाया है। दो दिन पहले खेत पर काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ऐसे में वे दिन में खेत पर अकेले काम करने से डर रहे हैं। किसान पर हमले की घटना सोमवार की है। जब किसान श्यामलाल डांगी (50) पुत्र रूपजी खेत में काम कर रहे थे। तभी पीछे से लेपर्ड ने हमला कर दिया। तभी खेत में थोडी दूरी पर काम कर रही पत्नी ने शोर मचाया और किसान ने भी खुद के बचाव की पूरी कोशिश की। इतने में लेपर्ड भाग गया।किसान के पीठ और गर्दन पर कई जगह घाव हो गए।

# लूट का प्रयास करने वाले दो आरोपी डिटेन

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन रोड़ पर राहगीर के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट का प्रयास करने वालों को नामजद कर दो आरोपियों को डिटेन किया।

प्रकरण के अनुसार 9 फरवरी को कन्ट्रोल रूम से रेल्वे स्टेशन रोड़ पर राहगीर के साथ हुई मारपीट के संबंध में सूरजपोल थाना पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची, जहां पीड़ित लोकेन्द्र सिंह को एमबी चिकित्सालय पहुंचा कर उपचार करवाया। मामले में लोकेन्द्रसिंह पुत्र कजोड़मल जाट निवासी फतहपुर शोखावटी सीकर ने प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं सोलर सर्विस के लिए डबोक आया था काम पूरा कर रेल्वे स्टेशन आया था। इस दौरान चार बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर मोबाईल लूट का प्रयास किया। 112 पुलिस जाब्ते ने मुझे चिकित्सालय पहुंचाया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सूरजपोल थानाधिकारी महेश जोशी के नेतृत्व में एएसआई तेजसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर चार बदमाशों को नामजद कर बदमाश गणेश पुत्र नारायण मोगिया व लक्ष्मणसिंह उर्फ लखन पुत्र प्रभूसिंह राजपूत को डिटेन किया।

# बजट से आधारभूत ढांचे और पर्यटन को मिलेगी नई रफ्तार

- राजस्थान बजट : उदयपुर के लिए खुले सौगातों के द्वार

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास को लेकर संकल्पित है। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में अपनी सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत किया। वर्ष 2026-27 के बजट में उदयपुर जिले के लिए कई महत्वपूर्ण और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं। इसमें उदयपुर में यातायात सुधार, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उदयपुर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सड़कों ौर पुलों के लिए भारी बजट आवंटित किया गया है। प्रतापनगर-बलीचा 4-लेन सड़क पर आयड़ नदी स्थित मौजूदा 2-लेन पुल को 4-लेन में विस्तारित किया जाएगा। साथ ही, स्टेट हाईवे-32 की क्रॉसिंग पर एक अंडर ब्रिज का निर्माण होगा। इस पूरी परियोजना पर 41करोड़ खर्च होंगे। इसके अलावा भुवाणा चौराहे से अंबेरी फ्लाईओवर तक सडक सुदृढीकरण के लिए 38.5 करोड़ की घोषणा की गई है। गोगुंदा क्षेत्र में बनास और साबरमती नदी पर सुगम आवागमन के लिए विभिन्न पुलियाओं का निर्माण 1०करोड़ की लागत से किया जाएगा। ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में खेरवाड़ा में कानबई भोमटावर से झांझरी (गुजरात सीमा) तक 1० किमी सड़क के लिए 1०करोड़ और वल्लभनगर के डबोक में राष्ट्रीय राजमार्ग -48 से टांक तक सड़क के लिए 8करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

शहर के सौंदर्य और सुरक्षा के लिए हाई टेंशन लाइनों को भूमिगत करने हेतु 8.57 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सायरा में सहायक अभियंता कार्यालय स्थापित होगा।

उदयपुर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए जयपुर और कोटा की तर्ज पर पीपीपी मोड पर स्मार्ट पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। फतहसागर झील की प्रसिद्ध रानी रोड के कायाकल्प के लिए डीपीआर तैयार करने की घोषणा हुई है। इसके अलावा वल्लभनगर के भींडर में देवेला तालाब और गंभीर सागर झील के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए 4करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

आरएनटी मेडिकल कॉलेज से जुड़े मुख्य अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए अत्याधुनिक विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा। राज्य के 6 प्रमुख शहरों के लिए इस मद में कुल 500 करोड़ रूपए का सामूहिक प्रावधान है। इसके अलावा महाराणा भूपाल अस्पताल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर भी स्थापित होगा। वहीं रिजनल कैंसर उपचार केंद्र के लिए पीपीपी मोड पर उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सार-समाचार

### लोगों को वितरण की सहायता सामग्री

**राजसमन्द, (निसं)।** समीपवर्ती गजपुर ग्राम पंचायत अन्तर्गत बारिंड ग्राम स्थित भील बस्ती में मानवीय सेवा कार्य करते हुए आनंदमार्ग सेवादल सदस्यों ने पूर्व चिन्हित जरूरतमंद लोगों को भामाशाह के सहयोग से सहायता सामग्री वितरण की। गांव के मुख्य चौक में हुए सादे कार्यक्रम में सेवादल सदस्य आनंदमयी, जया खिलनानी व कार्यकर्ता मुकेश साहू ने अमेरिका निवासी भामाशाह कुलदीप सनाढ्य के अर्थ सहयोग से पूर्व में चिन्हित किए असहाय, दिव्यांग व दृष्टिबाधित व्यक्तियों को राशन सामग्री एवं दैनिक उपयोगी विभिन्न वस्तुएं प्रदान की। स्थानीय कार्यकर्ता दीपाराम ने वितरण में सहयोग प्रदान दिया। इस अवसर पर संस्था सदस्य आनंदमयी ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है एवं दुख के समय दूसरों के काम आना ही जीवन की सार्थकता हो सकती है। केवल पूजा करना ही प्रभु की भक्ति नहीं होती है बल्कि पीडित मानवता की सेवा करना ही सच्चे अर्थों में ईश्वर की सबसे बडी सेवा होती है। इसलिए नरसेवा को नारायण सेवा कहा गया है। उन्होंने बस्तीवासियों से सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ देने एवं अपने आसपास रहने वाले निर्धनतम लोगों की यथासम्भव मदद करने का आ ान भी किया। संस्था प्रतिनिधि अनुपम खिलनानी ने बताया कि समाजसेवी सनाढ्य की ओर से विगत लम्बे समय से चिन्हित उक्त जरूरतमंद लोगों को प्रतिमाह सहायता पहुंचाई जा रही है जो सराहनीय है।

### कार्यशाला का आयोजन

**राजसमन्द, (निसं)।** लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में जेंडर संवेदनशीलता पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. संजय अभिषेक ने जेंडर संवेदनशीलता पर बालिकाओं के अधिकारों शिक्षा सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला तत्पश्चात महिला अधिकारिता विभाग से जिला हब एंपावरमेंट वूमन से कांता माली जेंडर स्पेशलिस्ट ने आज की कार्यशाला का महत्व बताया कि व्यक्ति को समज में स्त्री पुरुष के बीच समानता सम्मान और न्यायपूर्ण व्यवहार एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना वह अपनाने से है इसके पश्चात पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से अनीता मेवाडा केंद्र प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए लिंग समानता पर जागरूकता बढाना और समाज में व्याप्त गलत धारणाओं को बदलना एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास बढता और अवेयरनेस व महिला हेल्पलाइन नंबर व 181 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी इसके पश्चात पन्नाधाय सुरक्षा सम्मान केंद्र से राजकुमारी बैरागी विधि परामर्शदाता ने बालिकाओं को कानूनी जानकारी देते हुए महिलाओं के प्रति अपराध प्राथमिक की एवं अन्य महत्वपूर्ण अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए अपराध के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ छेडछाड मारपीट अपहरण के लिए मजबूर करने जैसे अपराध जैसी घटनाएं देखने को मिलती है और इन अपराधों से राहत दिलाने के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय से वनिता शर्मा, प्रभारी और अनिता शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### महिलाओं को भाग लेने का आव्हान

**राजसमन्द, (निसं)।** कुरज कस्बे की महिलाओं ने 11 फ रवरी से 2० फ रवरी तक फियावडी में श्री मंगरी श्याम भेरुनाथ में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ और भागवत कथा, दिव्य संतों के प्रवचन विशाल भजन संध्या में भाग लेने के लिए ग्रामीण महिलाओं से जनसम्पर्क किया। उन्होंने अवगत करते हुए बताया कि गुरुवार को प्रातः कलश शोभा यात्रा में अहीर मोहल्ला, राजोरा मोहल्ला, बस्सी मोहल्ला, मंदिर चौक, वीरवा मोहल्ला में घर- घर जाकर महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया तथा भागवत कथा सुनकर अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिए प्रेरित किया।

### महिला की अकाल मौत

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में महिला की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रतापनगर थाना क्षैत्र चन्द्रा कॉलोनी निवासी अणछीबाई (54) पत्नी उदयलाल माली की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राज्यपाल ने किया बालचरों का सम्मान

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार सम्मान समारोह अवार्ड रैली का आयोजन स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, जगतपुरा जयपुर में 9 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। सत्र 2025-26 में राज्य पुरस्कार की परीक्षा में सफल होने वाले जिले के 209 स्काउट, 146 गाइड, 15 रोवर एवं 20 रेंजर में से जयपुर द्वारा इस अवॉर्ड रैली के लिए आवंटित कोटा 4 स्काउट 2 गाइड, 1 रोवर एवं 2 रेंजर को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सम्मानित किया। शेष अन्य रहे स्काउट गाइड रोवर रेंजर के सम्मान प्रमाण पत्र जिला मुख्यालय को प्राप्त होंगे फिर जिला मुख्यालय प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

## कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत विकल्प संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना नाई से विधिक परामर्शदाता ममता गोस्वामी और गोगुंदा सुपरवाइजर सीमा चौहान द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगुंदा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में सुपरवाइजर सीमा चौहान द्वारा बालक बालिकाओं को शिक्षा सेतु योजना की जानकारी देते हुए निःशुल्क कंप्युटर शिक्षा के बारे में बताया गया। इसके अलावा विवाह की सही उम्र, बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। महिला सलाह सुरक्षा केंद्र से विधिक परामर्शदाता ममता गोस्वामी द्वारा बालिकाओं को केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए वेब (सखी वन स्टॉप सेंटर) जिसमें आश्रय की व्यवस्था शामिल हैं के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर ऋाइम के बारे में जानकारियां साझा की गई विद्यार्थियों को महिला हेल्प लाइन नंबर 181 के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112,100 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह की शपथ दिलाई गयी।

## बकाया जल बिल न भरने वालों पर गिरेगी गाज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर में जल बिल नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। विभाग ने उदयपुर शहर के नगर खण्ड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के उन उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी जारी की है, जिनका जल राजस्व लंबे समय से बकाया है।

अधिशाषी अभियन्ता विमल प्रकाश सिसौदिया द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक श्रेणियों के सभी बकायादारों को 7 कार्यदिवसों के भीतर अपनी बकाया राशि अनिवार्य रूप से जमा कराने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की स्थिति में संबंधित पेयजल कनेक्शन काट दिया जाएगा।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि बकाया जल राजस्व जमा नहीं कराने पर केवल कनेक्शन ही नहीं कटेगा, बल्कि जन माँग वसूली अधिनियम और राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट 1956 की धारा 229 के तहत कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। इसके अंतर्गत विभाग बकायादारों के खिलाफ वारंट जारी करने, संपत्ति कुर्क करने और उसकी नीलामी जैसी सख्त कार्रवाई कर सकता है।

### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, ''अ''श्रैणी निम्बाहेड़ा

दूरभाष – कार्यालय-01477-220040 ईमेल- kums.nimbahe@rajasthan.gov.in

क्रमांक/कृउमस/आंवटन/25-26/1259-1282 दिनांकः- 05.02.2026

**विज्ञप्ति**

कृषि उपज मण्डी समिति, निम्बाहेडा के फल-सब्जी मण्डी प्रांगण मे चिन्हित एवं रिक्त दुकान/गोदाम भूखण्डों के आवंटन हेतु इस कार्यालय से जारी विज्ञप्ति क्रमांक 1250-1266 दिनांक 12.03.2022 एवं कंमांक 333-348 दिनांक 27.06.2022 के कम मे अनुज्ञापत्रधारी संयुक्त/'क' वर्ग दलाल/व्यापारी वर्ग निःषक्तजन अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग एवं महिला कृषक (सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विधवा) वर्ग तथा जैविक खेती उत्पाद कृषक वर्ग, अनुज्ञापत्रधारी तेल मील एवं अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण इकाई वर्ग, पंजीकृत कृषक उत्पादक संगठन/कम्पनी एवं वन उपज/औषधी पादप/जड़ी बुटी के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग के अंतिम दिनांक तक प्राप्त आवेदन पत्रों के दिये आंकडों एवं संलग्न दस्तावेजो के आधार पर जांच एवं सत्यापन किए जाने के उपरान्त अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(4) की पालना मे निम्नानुसार पात्र एवं अपात्र सूची जारी की जाती हैं। अचल संपति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(1)
के तहत 01.04.2010 के पूर्व अनुज्ञापत्रधारी जो कि निरन्तर व्यवसायरत हो उन्हे निर्धारित आरक्षित दर पर सर्वप्रथम आवंटन किया जाएगा।

**भूखण्ड साईज 15'9X 13+15(08 दुकान मय प्लेटफार्म)**

अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(1) के तहत पात्र आवेदको की सूची

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | वि.वि. |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स मुन्ना खॉ मोहम्मद खॉ | 01/28.04.1995 | पात्र |
| 2 | मैसर्स दुर्गाशंकर गणेशलाल माली | 10/30.10.1999 | पात्र |

**अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(1) के तहत अपात्र आवेदको की सूची**

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | अपात्रता का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स कन्हैयालाल नारायणलाल | 94/ 31.03.1999 | मुख्य मण्डी प्रांगण में पूर्व में दुकान/गोदाम भुखण्ड आवंटीत है |
| 2 | मैसर्स महादेव सब्जी भण्डार | 375/04.07.2008 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 3 | मैसर्स शिव ट्रेडर्स | 496/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 4 | मैसर्स हरीश गोपाल | 497/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 5 | मैसर्स उसमान भाई मुन्ना भाई | 495/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 6 | मैसर्स नारायणलाल मोहनलाल | 499/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 7 | मैसर्स अर्जुनलाल मनोहरलाल | 92/31.03.1999 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 8 | मैसर्स राजू एण्ड ब्रदर्स | 306/17.06.2003 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 9 | मैसर्स ईश्वर फुट कम्पनी | 424/17.06.2009 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 10 | मैसर्स बालाजी वेजीटेबल कम्पनी | 603/29.06.2015 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 11 | मैसर्स तरूण कुमार नौतनदास | 494/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 12 | मैसर्स जयनारायण फुट कम्पनी | 618/03.09.2015 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 13 | मैसर्स हेमन्त कुमार किशनलाल | 616/03.09.2015 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 14 | मैसर्स शेहजाद हुसैन सलीम खॉ | 554/07.02.2014 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 15 | मैसर्स कालूलाल मोहनलाल माली | 719/10.08.2017 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 16 | मैसर्स देवीलाल मोहनलाल माली | 498/10.02.2012 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 17 | मैसर्स बाबूलाल मोहनलाल माली | 716/25.05.2017 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 18 | मैसर्स उदयलाल मोहनलाल माली | 718/10.08.2017 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 19 | मैसर्स शिव आनन्द सब्जी भण्डार | 607/05.08.2015 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 20 | मैसर्स शंकर फुट कम्पनी | 556/04.03.2014 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 21 | मैसर्स जे.के. केला सप्लायर्स | 730/30.12.2017 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 22 | मैसर्स गरीब नवाज वेजीटेबल | 792/13.01.2021 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 23 | मैसर्स एस. बी. कम्पनी | 826/23.11.2021 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 24 | मैसर्स आशिक हुसैन एण्ड सन्स | 803/14.06.2021 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 25 | मैसर्स मोहम्मद बिलाल मोहम्मद इकबाल फुट एण्ड वेजीटेबल कम्पनी | 819/04.10.2021 | वित्तिय वर्ष 2010-11 से लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |

आवंटन नीति के बिन्दु संख्या 7(1)(1) के तहत प्रथम वरियता के अनुज्ञापत्रधारी शेष नही रहनें पर द्वितीय वरीयता पर विज्ञप्ति जारी होने से ठीक पूर्व के 3 पूर्ण वित्तीय वर्षो मे निरन्तर व्यवसायरत फर्म को द्वितीय चरण हेतु निर्धारित आरक्षित दर की डेढ गुना राषि पर आवंटन किया जायेगा।

अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(2) के तहत पात्र आवेदको की सूची

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | वि.वि. |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स महादेव सब्जी भण्डार | 375/04.07.2008 | पात्र |
| 2 | मैसर्स शिव ट्रेडर्स | 496/10.02.2012 | पात्र |
| 3 | मैसर्स हरीश गोपाल | 497/10.02.2012 | पात्र |
| 4 | मैसर्स उसमान भाई मुन्ना भाई | 495/10.02.2012 | पात्र |
| 5 | मैसर्स नारायणलाल मोहनलाल माली | 499/10.02.2012 | पात्र |

अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(2) के तहत अपात्र आवेदको की सूची

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | अपात्रता का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स अर्जुनलाल मनोहरलाल माली | 92/31.03.1999 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 2 | मैसर्स राजू एण्ड ब्रदर्स | 306/17.06.2003 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 3 | मैसर्स ईश्वर फुट कम्पनी | 424/17.06.2009 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 4 | मैसर्स बालाजी वेजीटेबल कम्पनी | 603/29.06.2015 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 5 | मैसर्स तरूण कुमार नौतनदास | 494/10.02.2012 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 6 | मैसर्स जयनारायण फुट कम्पनी | 618/03.09.2015 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 7 | मैसर्स हेमन्त कुमार किशनलाल माली | 616/03.09.2015 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 8 | मैसर्स शेहजाद हुसैन सलीम खॉ | 554/07.02.2014 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 9 | मैसर्स कालूलाल मोहनलाल माली | 719/10.08.2017 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 10 | मैसर्स देवीलाल मोहनलाल माली | 498/10.02.2012 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 11 | मैसर्स बाबूलाल मोहनलाल माली | 716/25.05.2017 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 12 | मैसर्स उदयलाल मोहनलाल माली | 718/10.08.2017 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 13 | मैसर्स शिव आनन्द सब्जी भण्डार | 607/05.08.2015 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 14 | मैसर्स शंकर फुट कम्पनी | 556/04.03.2014 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 15 | मैसर्स जे.के. केला सप्लायर्स | 730/30.12.2017 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 16 | मैसर्स गरीब नवाज वेजीटेबल | 792/13.01.2021 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 17 | मैसर्स एस. बी. कम्पनी | 826/23.11.2021 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 18 | मैसर्स आशिक हुसैन एण्ड सन्स | 803/14.06.2021 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |
| 19 | मैसर्स मोहम्मद बिलाल मोहम्मद इकबाल फुट एण्ड वेजीटेबल कम्पनी | 819/04.10.2021 | विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व के 3 पूर्ण वित्तिय में लगातार व्यवसाय नही करने के कारण |

अचल सम्पति आवंटन नीति के बिन्दु संख्या 7(1)(1) व 7(1)(2) के समस्त पात्र अनुज्ञापत्रधारी के आवंटन के पश्चात् दुकान/भूखण्ड रिक्त रहने की दषा मे शेष समस्त आवेदकों आरक्षित दर की दुगुनी दर पर आवंटन किया जावेगा।
अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(3) के तहत पात्र आवेदको की सूची

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | वि.वि. |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स अर्जुनलाल मनोहरलाल माली | 92/31.03.1999 | पात्र |
| 2 | मैसर्स राजू एण्ड ब्रदर्स | 306/17.06.2003 | पात्र |
| 3 | मैसर्स ईश्वर फुट कम्पनी | 424/17.06.2009 | पात्र |
| 4 | मैसर्स बालाजी वेजीटेबल कम्पनी | 603/29.06.2015 | पात्र |
| 5 | मैसर्स तरूण कुमार नौतनदास | 494/10.02.2012 | पात्र |
| 6 | मैसर्स जयनारायण फुट कम्पनी | 618/03.09.2015 | पात्र |
| 7 | मैसर्स हेमन्त कुमार किशनलाल माली | 616/03.09.2015 | पात्र |
| 8 | मैसर्स शेहजाद हुसैन सलीम खॉ | 554/07.02.2014 | पात्र |
| 9 | मैसर्स कालूलाल मोहनलाल माली | 719/10.08.2017 | पात्र |
| 10 | मैसर्स देवीलाल मोहनलाल माली | 498/10.02.2012 | पात्र |
| 11 | मैसर्स बाबूलाल मोहनलाल माली | 716/25.05.2017 | पात्र |
| 12 | मैसर्स उदयलाल मोहनलाल माली | 718/10.08.2017 | पात्र |
| 13 | मैसर्स शिव आनन्द सब्जी भण्डार | 607/05.08.2015 | पात्र |
| 14 | मैसर्स शंकर फुट कम्पनी | 556/04.03.2014 | पात्र |
| 15 | मैसर्स जे.के. केला सप्लायर्स | 730/30.12.2017 | पात्र |
| 16 | मैसर्स गरीब नवाज वेजीटेबल | 792/13.01.2021 | पात्र |
| 17 | मैसर्स एस. बी. कम्पनी | 826/23.11.2021 | पात्र |
| 18 | मैसर्स आशिक हुसैन एण्ड सन्स | 803/14.06.2021 | पात्र |
| 19 | मैसर्स मोहम्मद बिलाल मोहम्मद इकबाल फुट एण्ड वेजीटेबल कम्पनी | 819/04.10.2021 | पात्र |

अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1)(3) के तहत अपात्र आवेदको की सूची

| क.स. | फर्म का नाम | अनुज्ञापत्र कमांक व दिनांक | अपात्रता का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मैसर्स कन्हैयालाल नारायणलाल माली | 94/ 31.03.1999 | मुख्य मण्डी प्रांगण में पूर्व मे दुकान/गोदाम भुखण्ड आवंटीत है |

आवंटन के लिए उपरोक्त अनुसार अनुज्ञापत्रधारी संयुक्त/'क' वर्ग दलाल/व्यापारी वर्ग निःशक्तजन अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग एवं महिला कृषक (सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विधवा) वर्ग तथा जैविक खेती उत्पादक कृषक वर्ग अनुज्ञापत्रधारी तेल मील एवं अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण इकाई वर्ग, पंजीकृत कृषक उत्पादक संगठन/कम्पनी एवं वन उपज/औषधि पादप/जड़ी बुटी के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग की पात्रता निर्धारण मे किसी को भी कोई भी आपत्ति हो तो लिखित मे साक्ष्य के साथ दिनांक 23.02.2026 को साय 6.00 बजे तक कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति निम्बाहेडा मे प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समय समयावधि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

राज.संवाद/सी/25/19644 सचिव



# दौसा में बारात से लौट रहे छह युवकों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

## सभी युवक एक ही गांव के थे तथा शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे



दुर्घटना से 30 मीनट पूर्व युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई फोटो।




हादसे के बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

- हादसा जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौसा उपखण्ड में स्थित ग्राम कैलाई के पास मंगलवार देर रात करीब बारह बजे हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर से जा टकराई
- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए

**दौसा, (निसं)।** जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौसा उपखण्ड में स्थित ग्राम कैलाई के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौके पर तथा दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। सभी युवक एक ही गांव के हैं तथा शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इस भीषण हादसे के बाद ग्राम कालाखो में हाहाकार मच गया तथा खुशियां मातम में बदल गई। हादसा मंगलवार देर रात करीब बारह बजे हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक नियंत्रण बिगड़ने से वाहन सीधे डिवाइडर लांघते हुए विपरीत दिशा में पहुंच गया। उसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। इधर हादसे की सूचना मिलते ही सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया, जहाँ उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर सिकंदरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपे दिए। वहीं दूसरी ओर हादसे के बाद कुछ समय तक हाइवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन चालक का नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ट्रेलर चालक से भी पूछताछ की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

**शादी से लौट रहे थे :** हादसे में समय सिंह पुत्र रामसिंह योगी, लोकेश पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश पुत्र बनवारी योगी, मनीष पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित पुत्र लालराम बैरवा तथा नवीन योगी की मौत हो गई ये सभी कालाखो के रहने वाले थे, रात्रि को एक शादी समारोह में शामिल होकर पुनः घर लौट रहे थे। लौटने से पूर्व सभी युवकों ने एक साथ फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी, इधर इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# कुएं में डूबने से युवक की मौत

**उदयपुर,(कासं)।** जिले के घासा थाना क्षेत्र में स्थित कुएं में डूबने से युवक की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को घासा थाना क्षेत्र में स्थित कुएं में युवक का शव होने की सूचना मिलने पर घासा थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह, एएसआई प्रेमशंकर ने मौके पर पहुंच कर मृतक को कुएं से बाहर निकाल उसकी शिनाख्त झालों का ढाणा नूरड़ा निवासी बक्शुराम उर्फ बक्शीराम रेबारी (50) पुत्र अर्जुनजी रेबारी के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। एएसआई प्रेमशंकर ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। बक्शीराम मानसिक रोगी होकर महिला के कपड़े पहनकर इधर-उधर घूमता रहता था। शव करीब चार दिन पुराना बताया जाता है। कुएं में बदबू आने पर लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे बाहर निकाल खेमली चिकित्सायल मोर्चरी में रखवाया था।

# युवक ने घर में आत्महत्या की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर स्थित नारवा पुल के पास रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि मूलतः उटाम्बर हाल नारवा पुल के पास संत लक्ष्मीदास नगर सूरसागर निवासी प्रेम पुत्र देवाराम सुथार ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात्रि के समय उसके भाई राहुलराम ने घर में फंदा लगा लिया। पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे चैक कर मृत बता दिया। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा।

# पुलिस वैन से टकराई कार, महिला थाना प्रभारी की मौत

- एक पुलिसकर्मी सहित दो गंभीर घायल, पेट्रोलिंग कर रही थी पुलिस टीम
- हादसे में हरियाणा नंबर की कार के चालक को भी चोटें आई हैं। ड्राइवर बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र का बताया जा रहा है

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां एक तेज रफ्तार कार ने पुलिस पेट्रोलिंग वैन को टक्कर मार दी। हादसे में महिला पुलिस ऑफिसर की मौत हो गई। हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग गंभीर घायल हुए हैं। हादसा श्रीगंगानगर शहर में पायल थियेटर रोड स्थित चौराहे पर बुधवार सुबह चार बजे हुआ। श्रीगंगानगर शहर में पायल थियेटर रोड स्थित चौराहे पर बुधवार सुबह करीब चार बजे पुलिस की गाड़ी से कार की टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार एसएचओ ज्योति नायक किसान चौक से पेट्रोलिंग करते हुए रमेश चौक के पॉइंट की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस वैन पलट गई। ड्राइवर के साइड वाली सीट पर बैठी एसएचओ ज्योति का सिर बुरी तरह से दब गया। इसी कारण उन्होंने मौके पर दम तोड़ दिया। वहीं, टक्कर मारने वाली कार कुछ मीटर आगे टकराकर रुक गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शहर कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह ने बताया हादसे में हरियाणा नंबर की कार के चालक को भी चोटें आई हैं। ड्राइवर बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र का बताया जा रहा है। एक्सीडेंट में एक अन्य पुलिसकर्मी और कार चालक भी गंभीर घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही एसपी अमृता दुहन सहित पुलिस के अधिकारी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।

# जोधपुर में चार हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

- परिवादी की दादी के नाम से जमीन के खाते में करेक्शन करने के बदले पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी

**जोधपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जोधपुर ग्रामीण टीम ने एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने जोधपुर जिले के पटवार हल्का खारिया मीठापुर, तहसील बिलाड़ा के पटवारी रोहित कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है।

शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण इकाई को बताया था कि आरोपी पटवारी रोहित कुमार उसकी दादी के नाम से जमीन के खाते में करेक्शन करने के बदले पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। जांच के दौरान यह वेरिफाई हुआ कि आरोपी ने पहले पांच हजार रुपए की डिमांड की, लेकिन शिकायतकर्ता की गुहार पर 4 हजार रुपए पर सहमत हो गया। एसीबी के डीआईजी भुवन भूषण यादव और एसीबी एएसपी जोधपुर ग्रामीण पारस सोनी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित कुमार को रिश्वत लेते मौके पर ही दबोच लिया। एसीबी महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## भरतपुर में लैब टेक्नीशियन ने 25 हजार की रिश्वत ली

**भरतपुर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भरतपुर के राजकीय जनाना चिकित्सालय स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट (बीएसयू) में कार्यरत लैब टेक्नीशियन (प्लेसमेंट कार्मिक) राम कुंवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि करौली चौकी को शिकायत मिली थी कि आरोपी परिवादी को जनाना चिकित्सालय भरतपुर में संविदा पर ट्रॉली पूलर वार्ड बॉय के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी ने परिवादी को जनाना चिकित्सालय में बुलाकर 25 हजार रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त किए। इसी दौरान टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# पुलिस ने नाबालिग का बाल विवाह रुकवाया

- परिवार बारात का इंतजार कर रहा था और मौके पर पुलिस पहुंच गई

**सीकर, (निसं)।** बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण डॉ. गार्गी शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र सदर सीकर में रात ग्राम जगमालपुरा में बाल अधिकारिता विभाग सीकर व गायत्री सेवा संस्थान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बच्ची का बाल विवाह रुकवाया।

गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बारात के स्वागत की तैयारियों के बीच पुलिस टीम अचानक मौके पर पहुंच गई। परिवार बारात का इंतजार कर रहा था, लेकिन इससे पहले कि विवाह की रस्में शुरू होतीं, प्रशासन ने हस्तक्षेप कर नाबालिग की शादी रुकवा दी। जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि विवाह में शामिल दुल्हन की उम्र 18 वर्ष से कम है। सूचना के आधार पर पुलिस एवं टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की। जांच में सामने आया कि नाबालिक बच्ची की उम्र 15 वर्ष है उम्र कम पाए जाने पर विवाह को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश की। पुलिस ने परिवार को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी और नाबालिग को शिक्षा जारी रखने की सलाह दी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

# जाली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## नकली नोट छापने में इस्तेमाल प्रिंटर, स्याही, पेपरशीट जब्त

**राजसमंद, (निसं)।** केलवा थाना क्षेत्र में जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नकली नोट और उपकरण जब्त किए हैं।

केलवा थाना अधिकारी सुबोध जांगिड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केलवा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जैतपुरा गांव में एक मकान में नकली नोट छापे जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आमेट थाना क्षेत्र के आगल गांव निवासी नारायण लाल पुत्र मोहन लाल गुर्जर और कमलेश गुर्जर पुत्र मोहन लाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 500 रुपये के 15 नोट, 200 रुपये के 362 नोट और 50 रुपये के 4 नोट बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 80 हजार 100 रुपये है। इन सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित मिला। मौके से जाली नोट छापने में इस्तेमाल प्रिंटर, स्याही के कंटेनर, पेपरशीट, कट्टर और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** कैथून पुलिस टीम ने इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई के लिये कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उसी अभियान के तहत कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने मय जाप्ता इलाके में कार्रवाई करते हुए एक जने से अवैध हथियार देशी पिस्टल बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए कैथून निवासी मोहम्मद शहिद उर्फ कालिया (34) को गिरफ्तार किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में सकिल मेवाती से अवैध हथियार लाना बताया है, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# स्मैक तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

**जोधपुर, (कासं)।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 16 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 3 वर्ष का कठोर कारावास और बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 24 जून 2011 को पुलिस थाना पीपाड़ शहर के तत्कालीन थानाधिकारी इंद्रसिंह ने पीपाड़ से देवाताड़ा जाने वाली रोड से एक मोटरसाइकिल के पीछे बैठे बंशीलाल पुत्र पोकरराम विश्नोई निवासी कांकेलाव की ढाणी डांगियावास जोधपुर से 27 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा बाद अनुसंधान आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उत्तरोत्तर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की वजह से आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की जबकि आरोपी ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत कुल 15 गवाह, 26 दस्तावेजी साक्ष्य और 1 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त बंशीलाल पुत्र पोकर राम विश्नोई निवासी कांकेलाव की ढाणी डांगियावास, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**कोटा, (निसं)।** नाबालिग से दुष्कर्म के करीब दो साल से अधिक पुराने मामले में पॉक्सो क्रम-4 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई, साथ ही 40 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वंदना नागर ने बताया कि 27 दिसम्बर 2023 को पीड़िता के पिता ने कोटा ग्रामीण के एक थाने में शिकायत दी। शिकायत मे कहा कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी 24 दिसम्बर 2023 की रात्रि को बिना बताये कहीं चली गई। जब उसने देखा तो बाहर से कुंडी लगी हुई थी, कमरे में बेटी नहीं थी। शिकायत में एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया था।

# पक्षियों का शिकार करने से मना करने पर किसान पर हमला किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर थाना क्षेत्र में शिकार रोकने पर एक किसान पर हमला किया गया। घायल किसान को गवर्नमेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।

फुलवाड़ा पेपट निवासी बृजमोहन मीना ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 10 फरवरी की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी पत्नी गुड्डी देवी के साथ गांव स्थित बोरिंग पर सरसों की फसल काटने गए थे। इसी दौरान उन्होंने पूरण वागरिया के बेटे और उसके 2 साथियों को मोर और कबूतर का शिकार करते देखा। बृजमोहन ने जब उन्हें शिकार करने से रोका, तो तीनों ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। रिपोर्ट के अनुसार विवाद बढ़ने पर एक युवक ने गिलोल से बृजमोहन की बाईं आंख पर



घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया।

वार किया। आरोपियों के पास टोपी वाली बंदूक, गिलोल और डंडा जैसे हथियार थे। आरोप है कि पहले डंडे से मारपीट की गई, फिर पूरण वागरिया के बेटे ने कुछ दूरी से टोपी वाली बंदूक से फायर किया। गोली बृजमोहन के कान के ऊपर से निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गए। हालांकि, छर्रे लगने से उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। फायर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची पत्नी गुड्डी देवी ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी डंडों से मारपीट की।

शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को पहले खंडीप अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंगापुर सिटी अस्पताल रेफर कर दिया गया। बृजमोहन का इलाज गंगापुर गवर्नमेंट अस्पताल में जारी है। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपियों को नाम से नहीं जानता, लेकिन सामने आने पर पहचान कर सकता है। थाना अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी इस मामले में कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# हमले में घायल पिता की मौत, बेटे ने की थी मारपीट

**कोटा, (निसं)।** जिला बूंदी के केशवरायपाटन थाना इलाके में घरेलू विवाद के चलते बेटे ने पिता के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले में घायल वृद्ध की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

केश्वरायपाटन थाने के एएसआई हरिशंकर शर्मा ने बताया कि थाना इलाके के सोडेला गांव निवासी रामरतन के तीन बेटे हैं, जिसमें बड़ा और छोटा बेटा गांव से बाहर रहते हैं और एक बेटा लेखराज रामरतन के साथ रहता है। एएसआई ने बताया कि मंगलवार रात्रि को रामरतन और लेखराज के बीच घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो गया और उसी झगड़े के चलते लेखराज ने लकड़ी से पिता के साथ मारपीट कर दी। हमले में घायल रामरतन को उपचार के लिये केश्वरायपाटन के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार नहीं होती देख उसे कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। एएसआई ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। एएसआई ने बताया कि आरोपी लेखराज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**गांजे सहित एक गिरफ्तार :** उदयपुर के बैकरिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजे से भरी कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर अवैध गांजा जब्त किया। बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह मय टीम खजूर घाटी कालीबोर कोटड़ा रोड़ पर कार को रोक चालक प्रकाश पुत्र नीलकंठ पुरोहित निवासी अनोपपुरा नउवा चन्देसरा डबोक को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 3 किलो 140 ग्राम अवैध गांजाा जब्त किया।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/34700-14 — निविदा सूचना/2025-26 — Date: 11.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| SITC of HVAC work at Admin. Block Marwar Medical University of Borawas, Jodhpur.UBN: RRC2526WSOB01197 | 366.00 Lakh | ई-690/25-26 |
| Additional work Required at Medical College, Karauli. UBN: RRC2526WSOB01201 | 365.33 Lakh | अल्पकालीन ई-691/25-26 |
| Construction of Outer Facade work at Sambhagiya Kar Bhawan at Jaipur. UBN: RRC2526WLOB01203 | 1245.14 Lakh | ई-694/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नोखा**

क्रमांक-3374-81 दिनांक 03.02.2026

**Notice Inviting Bid- 12/2025-2026**

Bids for Repair work and Strengthening and Renewal Work are invited from interestedd bidders upto 06.02.2026 [09.30AM] to 16.02.2026 [06 PM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 223.99 Lakh.

NIB CODE NO. PWD2526A5491, UBN-PWD2526WSOB22377, UBN-PWD2526WSOB22378. UBN-PWD2526WSOB22379. UBN-PWD2526WSOB22380

Executive Engineer
PWD Dn. Nokha

DIPR/C/2664/2026

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142 email:eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/3309 दिनांक-29.01.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-60/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 228.49 लाख के 02 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कायर्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. 1. NRH2526WSOB02297
2. NRH2526WSOB02298

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/2352/2026

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142 email:eemhbikaner@mail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/3310 दिनांक-29.01.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-61/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 144.65 लाख के 02 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कार्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. 1. NRH2526WSOB02299
2. NRH2526WSOB02301

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/2351/2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग, वृत चित्तौड़गढ़**

शास्त्रीनगर, चित्तौडगढ-312001

फोन नं. 01472-240916 E-mail: secircle.chi.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- एसई/वृचि/निविदा/2025-26/4358-65 दिनांक-30.01.2026

**निविदा सूचना संख्या 39 से 43 वर्ष 2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निविदा सूचना संख्या 39 से 43 में वर्णित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड/अपलोड, तकनिकी बिड, निविदा खोलने की तिथी, निविदा शुल्क/धरोहर राशि एवं निविदा प्रक्रिया शुल्क जमा कराने की तिथियॉ एवं निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं तथा वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov. पर निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते हैं। इच्छुक संवेदक द्वारा सभी विवरण यू.बी.ए. नं. के माध्यम से किए जा सकते हैं। इच्छुक संवेदक द्वारा सभी विवरण यू.बी.एन. नं. के माध्यम से www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखें जा सकते है।

PHE2526WSOB12519, PHE2526WSOB12520, PHE2526WSOB12521, PHE2526WSOB12522, PHE2526WSOB12523

(सुनीत कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, वृत्त चित्तौडगढ

DIPR/C/2329/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक-अअ/सांचौर/2025-26/4255 दिनांक-03.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 17 वर्ष 2025-2026**

**NIB NO. PWD2526A5480**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 60.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 4 फरवरी 2026 9.30 बजे से 16 फरवरी 2026 सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू बी एन संख्या निम्नानुसार है।

PWD2526WSOB22340

(प्रदीप पंवार)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/2620/2026

राजस्थान-सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

आबकारी भवन-2 गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B)(After Policy 2026-27)/ex/I/2026-06481-9018219/693

दिनांक-11.02.2026

**कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2025-26 के अनुज्ञाधारियों को वर्ष 2026-27 के लिये अनुज्ञा पत्र नवीनीकरण के लिये आवेदन (विकल्प प्रस्तुत करने की नियत तिथि को बढाई जाने की सूचना**

इस कार्यालय की समसंख्यक विज्ञप्ति क्रमांक 665 दिनांक 28.01.2026 के सन्दर्भ में राज्य के कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2025-26 के समस्त अनुज्ञाधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के समस्त अनुज्ञाधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण के लिए पात्र एवं इच्छुक अनुज्ञाधारी अपना नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) पत्र मय निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ दिनांक 18.02.2026 तक संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। दिनांक 16.02.2026 तक नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) प्राप्त नहीं होने पर अनुज्ञाधारी का नवीनीकरण करवाने का विकल्प समाप्त हो जावेगा। तथा दुकान/समूह (Cluster) का आवंटन ई-नीलामी/ई-निविदा द्वारा किया जाएगा। वर्ष 2026-27 हेतु अनुज्ञापत्र नवीनीकरण से संबंधित समस्त जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

अन्य सभी शर्ते पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

DIPR/C/____/2026

आबकारी आयुक्त, राजस्थान

# भजनलाल सरकार ने विधानसभा में 6.10 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया

## उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 10 संकल्पों में पढ़ा सरकार का विजन

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में 6.10 लाख करोड़ रुपए का तीसरा आम बजट 10 संकल्पों में पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाने, किसानों को 25 हजार करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त लोन देने, मेधावी छात्रों को 20 हजार रु. का ई-वाऊचर, परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी, स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा देने का ऐलान किया। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करने तथा असहाय, विमंदित, लावारिस मरीजों के फ्री इलाज की घोषणा की। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रु. किया। होमगार्ड्स के 5 हजार पद भी बढ़ाए गए है।

राज्य सरकार ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ का बजट आकार प्रस्तावित किया है। जो कि पिछले बजट से 52 हजार 360 करोड़ रु. ज्यादा है। बजट प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2026-27 में कुल राजस्व प्राप्तियां 5 लाख 25 हजार 740 करोड़ 34 लाख रुपये रहने का अनुमान है। वहीं, राजस्व व्यय 3 लाख 50 हजार 50 करोड़ 54 लाख 7 हजार रुपये आंका गया है। सरकार ने वित्तीय संतुलन बनाए रखने पर जोर देते हुए राजकोषीय घाटा 79 हजार 492 करोड़ 52 लाख रुपये रहने का अनुमान जताया है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.69 प्रतिशत होगा। आर्थिक प्रगति के संकेत देते हुए राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2026-27 में 21 लाख 52 हजार 100 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।

वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि, सरकारी कर्मचारी की मौत पर उसकी पुत्रवधु को भी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। कर्मचारी अगर सरकारी नौकरी में रहते हुए स्थायी दिव्यांग हो जाता है और वह नौकरी करने में असमर्थ है तो आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। उन्होंने जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। साथ ही नई जल नीति लाने का भी ऐलान किया गया। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा।

वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में राज्य सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। इसके साथ ही 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा। अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी। झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।



**उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में राज्य सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों को लेकर विपक्ष पर तंज कसा, जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत सत्ता पक्ष ने ठहाके लगाए।**

- **8वें वेतन आयोग के लिए हाई पावर कमेटी गठन, किसानों को 25 हजार करोड़ रु. का ब्याज मुक्त ऋण तथा लावारिस-विमंदितों के मुफ्त इलाज की घोषणा**
- **मेधावी विद्यार्थियों को 20 हजार रु. का ई-वाऊचर तथा स्कूली बच्चों के लिए जादुई पिटारे की घोषणा**
- **महिला वर्ग को साधने के लिए मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपए की**

देखा जाए तो 8वें वेतन आयोग के लिए हाई पावर कमेटी की घोषणा के साथ राज्य सरकार ने प्रदेश के 8 लाख सरकारी कर्मचारियों को साधने की कोशिश की है।

इसी तरह किसानों को 25 हजार करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा से मार्च-अप्रैल में होने वाले पंचायत चुनावों से पहले एक बड़े वर्ग को साधने का प्रयास है। मेधावी विद्यार्थियों को 20 हजार रुपए का ई-वाऊचर देने से भी इन तमाम परिवारों के बीच सरकार की पॉजिटिव ब्रांडिंग पहुंचाने की कोशिश है। वहीं स्कूली बच्चों के लिए जादुई पिटारा लोगों के लिए कौतूहल व चर्चा का विषय छोड दिया है। इसी प्रकार बजट में लखपति दीदी योजना में ऋण सीमा 1 लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए करने से भी महिला वर्ग को साधने का प्रयास है।

## राजस्थान बजट में क्या सस्ता-क्या महंगा

# स्टांप ड्यूटी पर सरचार्ज 3 फीसदी बढ़ा; डी.एल.सी. दरें भी बदली

**जयपुर ( विसं )।** राजस्थान सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में स्टाम्प पेपर पर लगने वाले सरचार्ज को 3 फीसदी बढ़ा दिया है। इस निर्णय का असर सीधे तौर पर स्टाम्प पेपर खरीदने पर देखने को मिलेगा। यही नहीं सरकार ने कुछ अलग-अलग कैटेगिरी की जमीनों की डीएलसी दरों में भी बदलाव करते हुए पूरे प्रदेश में एक समान दर लागू करने का आदेश जारी किया है। इन दोनों ही निर्णय से अचल सम्पत्तियों की रजिस्ट्री भी महंगी होगी।

बजट में सरकार ने बैंक या दूसरी वित्तीय संस्थाओं से लिए जाने वाले लोन या ऋण के लिए तैयार होने वाले डॉक्यूमेंट के रजिस्ट्रेशन पर लगने वाले चार्ज को भी आधा कर दिया है। अभी तक ऐसे डॉक्यूमेंट के रजिस्ट्रेशन की फीस 1 फीसदी लगती थी, लेकिन इसे कम करके आधी यानी 0.5 फीसदी कर दिया है। साथ ही इसकी अधिकतम सीमा 1 लाख रुपए निर्धारित कर दी है। यानी अगर 0.5 फीसदी चार्ज की राशि 1 लाख रुपए से ज्यादा बनती है तो सरकार केवल 1 लाख रुपए ही लेगी। इसी तरह इन डॉक्यूमेंट पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी को भी 0.25 फीसदी से आधा यानी (0.125 फीसदी) कर दिया है। वहीं इसकी अधिकतम सीमा को भी 15 लाख रुपए से घटाकर 10 लाख रुपए कर दिया है।

सरकार ने अब फार्म हाउस की जमीन की आरक्षित दरों (डी.एल.सी. रेट) में भी बढ़ोतरी की है। सरकार पहले फार्म हाउस की जमीन का बाजार मूल्य वहां की एग्रीकल्चर जमीन की दर 1.5 गुना मानते हुए रजिस्ट्री करती थी। लेकिन फार्म हाउस की जमीन का बाजार मूल्य एग्रीकल्चर जमीन का 3 गुना मानते हुए रजिस्ट्री की जाएगी।

- **हालांकि दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट मिलेगी**
- **सरकार ने लोन डॉक्यूमेंट का रजिस्ट्रेशन शुल्क आधा किया**
- **फार्म हाउस की जमीन की रजिस्ट्री करवाना महंगा हुआ**

इसी तरह कोई रिसोर्ट की जमीन की रजिस्ट्री करवाता है तो पहले रिसोर्ट की जमीन का बाजार मूल्य वहां की कृषि भूमि का 2 गुना रेट मानकर करते थे, लेकिन अब ये दर वहां की कॉमर्शियल रेट का 75 फीसदी रेट मानकर रजिस्ट्री की जाएगी।बजट में सरकार ने दूसरे राज्य से गाड़ी (प्राइवेट व्हीकल) स्थायी रूप से लाने पर उसके रजिस्ट्रेशन पर लगने वाले टैक्स पर छूट दी है। वर्तमान में इस तरह की गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर मोटर व्हीकल टैक्स अलग-अलग वाहनों (क्षमता के अनुसार) पर अलग-अलग दर से लगता है, जिस पर सरकार अभी 25 फीसदी तक छूट देती है। सरकार अब ऐसी गाड़ियों पर लगने वाले टैक्स पर दी जाने वाली छूट को 25 से बढ़ाकर 50 फीसदी तक करने की घोषणा की है।

# सीकर और झुंझुनूं में एयरपोर्ट का सर्वे, अरावली के किनारे बनेगी पक्की दीवार

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान के बजट में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि अरावली पर्वतमाला का एक बड़ा हिस्सा जयपुर, अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर तथा उदयपुर में आता है। करीब 130 करोड़ रुपए की लागत से अरावली पर्वतमाला की करीब 4 हजार हैक्टेयर भूमि की जगह पर पक्की दीवार बनाई जाएगी। प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों को सिग्नल फ्री किया जाएगा। दिया कुमारी ने बजट में घोषणा की है कि, प्रदेश के सैनिक, पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और वीरांगनाओं को सभी सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध हो सकें, इसके लिए जोधपुर, शेरगढ़, टोंक, फलोदी, खैरथल, ब्यावर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में वॉर म्यूजियम, इंटीग्रेटेड सैनिक कॉम्प्लेक्स की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। पहले चरण में जोधपुर, शेरगढ़, झुंझुनूं और टोंक में 36 करोड़ की लागत से इन कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा।

सीकर और झुंझुनूं में नए एयरपोर्ट के लिए सर्वे की घोषणा की गई है। 8 जिलों में 3000 करोड़ रुपए की लागत से मिनी सचिवालय बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने शेखावाटी के लिए यमुना जल परियोजना का काम जल्द शुरू होने की घोषणा की है। इस परियोजना पर 32000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# बजट में प्रदेश के लिए प्रमुख घोषणाएं...

- स्टेट हाईवे, फ्लाईओवर और एलिवटेड रोड के निर्माण व मरम्मत पर 1800 करोड़ रुपये खर्च होंगे
- नॉन-पेचेबल व क्षतिग्रस्त सड़कों पर 1400 करोड़ तथा मिसिंग लिंग सड़कों पर 600 करोड़ रु. खर्च होंगे
- आगामी वर्ष 250 अटल प्रगति पथों के 500 करोड़ रुपये की लागत के कार्य हाथ में लिए जाएंगे
- विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों एवं लॉजिस्टिक पार्क के पहुंच मार्गों के विकास पर 400 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे
- आगामी वर्ष भी मानसून के बाद सड़कों की मरम्मत के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट तय किया
- राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों एवं शहरों में 2000 कैमरे स्थापित करने पर 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे
- मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) योजना का दायरा बढ़ाते हुए 5000 करोड़ रुपये खर्च करेंगे
- अमृत 2.0 योजना के तहत आगामी वर्ष 3 लाख पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे
- एक हजार 92 गांवों की लगभग 20 लाख आबादी को बीसलपुर से पेयजल आपूर्ति
- आगामी वर्ष 600 टयूबवैल व 1200 हैण्डपम्प लगाये जाने प्रस्तावित
- सशक्त जल प्रबंधन की दृष्टि से जयपुर में ''सेंटर ऑफ एक्सिलेंस'' की स्थापना
- प्रदेश में 220 केवी के छह, 132 केवी के तेरह तथा 33 केवी के 110 जीएसएस निर्माण
- राज्य के नगर निकायों में 7 लाख स्ट्रीट लाईट्स लगेंगी
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में युवाओं को 10 लाख रु. तक के ऋण पर शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान
- रानी लक्ष्मी बाई केंद्रों की 150 महाविद्यालयों में स्थापना, लगभग 25 हजार छात्रायें लाभान्वित
- 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल के लिए ई-वाऊचर
- कक्षा 1 से 8 तक के 40 लाख से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म
- प्रदेश के सभी विद्यालयों में टायलेट सुविधा तथा 1000 स्कूलों में एआई लैब की स्थापना
- खेलों राजस्थान ''यूथ गेम्स'' का ग्राम पंचायत, ब्लॉक जिला और राज्य स्तर पर आयोजन
- प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर मेंटल हैल्थ केयर सेल की स्थापना
- जेके लोन अस्पताल में 500 बेड क्षमता का आईपीडी टावर
- चरणबद्ध रूप से 500 अतिरिक्त ड्रग डिस्ट्रिब्यूशन काउन्टर की स्थापना
- मृतक के पार्थिव शरीर को घर पहुंचाने के लिए निःशुल्क मोक्ष वाहिनी योजना
- 7500 आंगनबाड़ियों का नन्द घर के रूप में विकास
- खुड़ी-जेसलमेर में अल्ट्रा लग्जरी स्पेशल टयूरिज्म जोन तथा कुलधरा में पर्यटक सुविधा केंद्र
- 100 करोड़ रुपये भरतपुर में अत्याधुनिक ब्रज कन्वेंशन सेंटर का निर्माण।
- झुंझुनूं, चूरू एवं सीकर में 660 से अधिक चिन्हित हवेलियों का संधारण
- जैसलमेर , जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालोर को शामिल करते हुए थार सांस्कृतिक सर्किट तथा झुंझुनूं में वार म्यूजियम।
- सभी नगरीय निकायों में चरणबद्ध रूप से स्मार्ट सेवा केंद्र की स्थापना
- आगामी वर्ष प्रथम चरण में 100 प्रमुख सेवाओं को वाट्सऐप प्लेटफोर्म पर भी शुरू
- 25 हजार युवाओं एवं महिलाओं को 'मिनी ई मित्र' के रूप में अधिकृत
- प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं से संबंधी विभिन्न कार्य 11 हजार 300 करोड़ रुपये की लागत से होंगे
- आगामी वर्ष 50 हजार सोलर पंप संयंत्रों पर एक हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से होंगे
- विभिन्न कृषि यंत्रों पर 160 करोड़ रुपये का अनुदान, लगभग 50 हजार कृषक लाभान्वित होंगे
- प्रदेश में 250 मीट्रिक टन एवं 500 मीट्रिक टन क्षमता के 50-50 गोदामों का निर्माण
- प्रदेश के चयनित जिलों में 2 हजार कृषकों , व्यापारियों व निर्यातकों को प्रशिक्षण
- नवगठित जिलों में जिला सहारकी उपभोक्ता भंडार तथा सभी जिलों में नवीन उपहार विक्रय केंद्र
- 200 ग्राम पंचायतों में पशु चिकित्सा उपकेंद्र तथा 25 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों का क्रमोन्नयन
- अलवर में 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट
- आगामी वर्ष 5000 गांवों में 2500 करोड़ रुपये की लागत से वाटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर कार्य
- वन भूमि की क्षतिपूर्ति के लिए गैर-वन भूमि से एक हजार हेक्टेयर का लैंड बैंक

# बजट प्रदेश की जनता पर डबल इंजन सरकार का दोहरा कुठाराघात : पायलट



सचिन पायलट

- **सचिन पायलट ने कहा कि ''पहले केन्द्रीय बजट में राजस्थान की अनदेखी हुई, अब राज्य सरकार ने भी लोगों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है।''**
- **पायलट ने कहा कि ''हाईकोट में सरकार ने हफलनामे के माध्यम से स्वीकार किया था कि प्रदेश की स्कूलों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ रुपए की जरूरत है, लेकिन बजट में मात्र 500 करोड़ रु. का प्रावधान दिखाता है कि सरकार को विद्यार्थियों की सुरक्षा की चिंता नहीं है।''**

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताया। पायलट ने कहा कि पहले केन्द्रीय बजट में भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान की अनदेखी की गई और अब राज्य सरकार ने अपने बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग की आशाओं पर पानी फेर दिया है।

पायलट ने कहा कि झालावाड़ की स्कूल में हुए हादसे पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी और सरकार हफलनामे के माध्यम से यह स्वीकार भी किया था कि प्रदेश की स्कूलों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ रूपयों की आवश्यकता है। बावजूद इसके राज्य बजट में मात्र 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जाना यह बताता है कि राज्य सरकार को विद्यार्थियों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने बच्चों के भविष्य को अंधेरे में ढकेलने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबन्धन के चलते राजस्व घाटा बढ़ा है, सरकार को कर्ज लेना पडेगा, जिससे महंगाई बढेगी। सरकार ने शब्दों के मायाजाल से अपनी 2 वर्षो की नाकामी को छुपाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के गत् वर्षो के बजट की भांति यह बजट भी धरातल पर उतरने वाला नहीं है।

पायलट ने कहा कि हाई टेक सिटी, आईटी सिटी और एयरो सिटी जैसी बड़ी घोषणाएं धरातल के बजाय केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। सरकार अपने पिछले बजट्स की उपलब्धियों पर पूरी तरह मौन साधे हुए है। प्रदेश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का 4 लाख नौकरियां देने का वादा पूरा नहीं होना और निजी क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों का सार्वजनिक न करना सरकार की विफलता को दर्शाता है। पायलट ने कहा कि नहरी क्षेत्रों में फार्म पौंड की सब्सिडी दो साल से बंद पडी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी न करना प्रदेश की गरीब जनता के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ के संभावित संकट और सोलर पार्कों के नाम पर राज्यवृक्ष खेजड़ी के संरक्षण को लेकर सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है।

## पतंजलि शहद पर शोध प्रकाशित

**हरिद्वार।** पतंजलि अपने प्रत्येक उत्पाद में गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रतिबद्धता को एक और सशक्त वैज्ञानिक मान्यता उस समय मिली, जब पतंजलि शहद पर किया गया विस्तृत शोध विश्वप्रसिद्ध ''एल्सवियर'' प्रकाशन के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल ''एप्लाइड फूड रिसर्च'' में प्रकाशित हुआ। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि जो कहता है, वही करता है और यह एक शाश्वत सत्य है। पतंजलि का उद्देश्य है इस देश को मिलावट के जहर से बचाना और पतंजलि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदा ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को लेकर लंबे समय से वैश्विक मंच पर संदेह की दृष्टि से देखा जाता रहा है, किंतु अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित इस शोध द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि भारत में भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है। यह उपलब्धि न केवल पतंजलि के लिए, बल्कि समूचे भारतीय उद्योग के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पतंजलि शहद में किसी प्रकार की बाहरी शर्करा, सिंथेटिक सिरप या अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं पाए गए हैं। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि इस शोध में, पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से व्यापक परीक्षण किया गया।

# पांच साल में 100 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर की घोषणा की थी, परंतु 2 साल में मात्र एक बना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में युवाओं के कौशल विकास के लिए कोई नई घोषणा नहीं किए जाने की चर्चाएं विधानसभा के गलियारों में रही। भाजपा ने राजस्थान में चुनाव लड़ने पूर्व अपने मैनिफेस्टो में घोषण की थी कि, हमारी सरकार बनने के बाद 5 साल में 100 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। परंतु राज्य सरकार के बीते 2 वर्ष के कार्यकाल में मात्र एक इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर बनकर तैयार हुआ है। जबकि गत 2 बजट में सरकार ने 19 केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की थी।

ज्ञात रहे कि इन ''इंड्रस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर्स'' (औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों) में महिलाओं समेत ऐसे युवाओं को सरकारी इंस्टीट्यूट के माध्यम से प्रशिक्षण देना था। ताकि इन लोगों को रोज़गार प्राप्त हो सके।

- **राजस्थान में युवाओं के कौशल विकास के लिए कोई नई घोषणा नहीं की गई बजट में**

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी छात्रों के साथ हुई चर्चा में कहा था कि अगर वह प्रधानमंत्री नहीं होते तो वह कौशल विकास मंत्रालय का पदभार संभालते। प्रधानमंत्री का यह कथन दर्शाता है कि वे युवाओं और महिलाओं के रोजगार व कौशल विकास को लेकर गंभीर है, और शायद इसी वजह से राजस्थान में भाजपा ने भी 100 इण्ड्रस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर (आई.टी.आई.) के निर्माण की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद बीते 2 वर्ष में 19 आईटीआई स्थापना की घोषणा भी गत बजटों में हुई। परंतु बीते 2 वर्ष के कार्यकाल में अभी तक सिर्फ 1 आई.टी.आई. का निर्माण कार्य ही पूरा हो सका है। शेष 18 में से कुछ जगहों पर तो अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है।

बजट आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने 10 आई.टी.आई. केन्द्र खोलने की घोषणा की थी। राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जिन 10 आई.टी.आई. का निर्माण किया जाना था उनमें एक-एक केन्द्र का निर्माण डौगाना-नागौर, बारां, दौसा, जोधपुर, पाली, बांसवाड़ा, सलूम्बर में निर्माण होना था और दो केन्द्रों का निर्माण जयपुर में किया जाना था। परन्तु अभी तक नागौर, जयपुर और बांसवाडा में केन्द्र के निर्माण के लिए भूमि आवंटन भी नहीं हुआ है। वहीं बजट घोषणा 25-26 में 9 अन्य आई.टी.आई. निर्माण करने की घोषणा की थी, जिनमें से केवल एक का ही निर्माण हुआ है जो विद्याधर नगर जयपुर में स्थित है।

# विकसित राजस्थान का विजन : चतुर्वेदी

जयपुर। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने राजस्थान बजट 2026-27 को समावेशी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना पर आधारित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में गति देगा। चतुर्वेदी ने बताया कि बजट गरीब, युवा, किसान, नारी, मजदूर और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। आधारभूत ढांचा, उद्योग विस्तार, कृषि व पशुपालन सशक्तीकरण और निवेश प्रोत्साहन से रोजगार सृजन को बल मिलेगा। बजट के तहत वर्ष 2028-29 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के लिए नई भर्तियां, कौशल विकास और स्टार्टअप प्रोत्साहन, महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रावधान भी शामिल हैं। ग्रीन बजट के माध्यम से सौर, पवन और जल ऊर्जा पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे राजस्थान को ग्रीन एनर्जी हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि यह बजट प्रदेशवासियों की खुशहाली सुनिश्चित करते हुए।

# 'व्यापारियों व उद्योगों के लिए नई दिशा'

**जयपुर।** फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री (फोर्टी) के कार्यकारी अध्यक्ष तथा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरूण अग्रवाल ने राजस्थान सरकार के बजट को व्यापारियों व उद्योगों को नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट में व्यापारियों के लिए एकल खिड़की प्रणाली, व्यापार प्रोत्साहन नीति, और लॉजिस्टिक्स पार्क जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। इनसे व्यापार करना आसान होगा और व्यापारियों को नए अवसर प्राप्त होंगे।

# 20 प्रतिशत घोषणाएं पूरी, 30 फीसदी शुरू भी नहीं हुई'

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार के तीसरे बजट को पूरी तरह नीरस और निराशाजनक करार देते हुए कहा कि सरकार घोषणाओं तक सीमित है, जमीनी क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में सरकार ने 2718 बजट घोषणाएं कीं, जिनमें से केवल 20 प्रतिशत ही पूरी हो पाई हैं। 30 प्रतिशत घोषणाएं अब तक शुरू नहीं हुईं, जबकि 40 प्रतिशत पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 के सपने दिखा रही है, जबकि वर्तमान समस्याओं की सुध लेने को तैयार नहीं है। रिफाइनरी शुरू करने की पूर्व घोषणा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तय समयसीमा बीत जाने के बाद भी काम आगे नहीं बढ़ा।



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

## सार-समाचार

### मनस्वी का किया सम्मान

उदयपुर, (कासं)। विश्व के चार महाद्वीपों के सर्वोच्च पर्वत शिखरो पर भारतीय ध्वज फहराने वाली युवा पर्वतारोही मनस्वी अग्रवाल का इस सफलता के बाद पहली बार अपने गृह नगर उदयपुर आने पर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के साथ साथ युवाओं और विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र में मेहनत, सफलता-असफलता के पक्षों पर विचार और अपने अभिभाव साझा किये। समारोह में मनस्वी ने अपनी उपलब्धियों के बारे में विचार साझा करते हुए बताया कि व्यक्ति को उसके प्रयास ,मेहनत और जज्बा आपको असाधारण बना देता है। उन्होंने कहा कि दिक्कते उतनी ही बड़ी होती है जितनी आप उनको बड़ा बनाते है। परेशानिया और समस्याओं के बाद सफलता की चमक ही सभी असफलताओं का वो जवाब है जो आपको फिर से नया करने ,आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत नेकहा आज हमारी बेटिया अपनी काबिलियत की बदौलत पुरूषों से कही आगे निकल गई, यहॉ तक की सेना में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है, बेटिया आज के दौर में परिवारजनों का गुरूर है, उनकी ताकत बन चुकी है। आज पूरा परिवार एक बेटी पर विश्वास करता है प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि मनस्वी ने 5 महीने से कम समय में ये चार चोटियाँ फतह कर राजस्थान की पहली महिला बनकर इतिहास रचा।

### आयड़ चौकी को थाना बनाने पर आतिशबाजी

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा जारी बजट में आयड़ चौकी को थाने में क्रमोनत करने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अलका मुंदडा, पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी नाना बया, मनोहर चौधरी, महेश भावसार के सानिध्य में आयड़ स्थित विवेकानंद चौराहे पर भव्य आतिशाबाजी कर आमजन को मिठाई खिला मुंह मिठा कराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी, शहर विधायक ताराचंद जैन का आभार व्यक्त कर नारेबाजी की गई। डॉ. मुंदडा ने कहा कि क्षेत्रवासी पिछले कई वर्षो से आयड में थाने की मांग कर रहे जो पूरी हुई है। इससे अपराध में कमी आयेगी। इस क्षेत्र में तीन थाने लगते है जिससे आमजन काफी परेशान था। इस अवसर भाजपा महामंत्री डॉ. पंकज बोराणा,नरेश वैष्णव सहित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला बधाई दी।

### उद्यानिकी फॉर्म का भ्रमण किया

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह जी ने राजस्थान कृषि महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान विभाग के उद्यानिकी फॉर्म का भ्रमण कियाभ्रमण के दौरान राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला,उद्यान विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के .डी .अमेटा, डॉ. एल. एन.महावर,फॉर्म प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहेइस अवसर पर कुलगुरु ने उद्यान नर्सरी का अवलोकन कर फलदार पौधों की गुणवत्ता एवं रोगरोधी किस्मो के विकास व अधिक मात्रा में फलदार तथा सजावटी पौधो के उत्पादन करने के निर्देश प्रदान किए कुलगुरु ने अखिल भारतीय समन्वित पुष्प परियोजना,कंदिय फसल परियोजना तथा फल परियोजना का अवलोकन कर संबंधित प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान कियेभ्रमण के दौरान नर्सरी के द्वारा आय में वृद्धि करने तथा साथ ही चीकू के बगीचे में अंतरराशस्य क्रियाएं द्वारा फसल सघनता बढ़ाने का सुझाव दिया।

### प्रशिक्षण सम्पन्न

बांसवाड़ा, (निसं)। जनगणना-2027 के राष्ट्रीय महाअभियान के सफल और सुचारू क्रियान्वयन को सुनिष्चित करने की दिषा में प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए 9 से 11 फरवरी तक जिला मुख्यालय पर जनगणना निदेषालय गृह मंत्रालय से आये अधिकारियों ने जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों एवं नियमित सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

# एमजी कॉलेज परिसर में छात्राओं ने मेन गेट पर लगाया ताला

**■ पुलिस ने दो छात्राओं को लिया हिरासत में**

उदयपुर, (कासं)। एमजी कॉलेज परिसर में बुधवार को छात्राओं ने फिर हंगामा करते हुए कुछ छात्राओं ने कॉलेज के मेन गेट पर ताला लगा दिया। प्रदर्शन कर रही दो छात्राओं को हिरासत में लेकर थाने ले गई जिन्हें पाबन्द कर कुछ देर बाद छोड दिया ।

उदयपुर के मीरा कन्या महाविद्यालय में पिछले एक हफ्ते से मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। कॉलेज परिसर में बुधवार को कुछ छात्राओं ने कॉलेज के मेन गेट पर ताला लगा दिया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड जमा हो गई और हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रही दो छात्राओं को हिरासत में लेकर थाने ले गई। हालांकि पुलिस ने कुछ देर बाद उन्हें पाबंद कर छोड दिया गया।

कॉलेज में हंगामे और तालाबंदी की खबर मिलते ही हाथीपोल थानाधिकारी राजूदेवी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने गेट पर मौजूद छात्राओं को समझाने की कोशिश की और ताला खोलने को कहा,लेकिन छात्राएं अपनी जिद पर अडी रहीं। काफी देर तक चली बहस और हंगामे के बाद जब छात्राएं नहीं मानीं तो पुलिस ने मौके से दो छात्राओं को हिरासत में लिया और उन्हें जीप में बैठाकर थाने ले गई। करीब 30 मिनट दोनों को छोड दिया गया।

पुलिस ने जिन दो छात्राओं को हिरासत में लिया उनकी पहचान दिव्या सालवी और रितिका सालवी के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों छात्राएं पिछले दिनों एपीओ किए गए कॉलेज प्रिंसिपल दीपक माहेश्वरी के समर्थन में प्रदर्शन कर रही थीं। वे कॉलेज की अन्य लडकियों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने गेट पर ताला जड दिया ताकि भीड जमा रहे और कोई बाहर न जा सके।

हिरासत में ली गई छात्रा दिव्या सालवी ने पुलिस और कॉलेज प्रशासन के आरोपों को गलत बताया है। दिव्या का कहना है कि उनका किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वे केवल कॉलेज के रिजल्ट की समस्याओं और कैंपस के माहौल को लेकर बाकी छात्राओं से चर्चा करना चाहती थीं। दिव्या के मुताबिक उन्होंने गेट पर ताला सिर्फ इसलिए लगाया था ताकि बात पूरी होने से पहले छात्राएं वहां से चली न जाएं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो छात्राएं कॉलेज से पास आउट हो चुकी हैं वे बेवजह इस मामले में राजनीति कर रही हैं।

उल्लेखनीय ने है कि पूरे मामले की शुरुआत कुछ समय पहले कॉलेज में आयोजित स्कूटी वितरण कार्यक्रम से हुई थी।उस दौरान प्रिंसिपल दीपक माहेश्वरी और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर कहासुनी और विवाद हुआ था। मामला बढने पर शिक्षा विभाग ने एक्शन लिया और माहेश्वरी को एपीओ कर जयपुर मुख्यालय भेज दिया। प्रिंसिपल पर हुई इस कार्रवाई ने कॉलेज की छात्राओं को दो हिस्सों में बांट दिया है। छात्राओं का एक गुट दीपक माहेश्वरी को बेगुनाह बता रहा है और उनके समर्थन में लगातार विरोध दर्ज करा रहा है। वहीं दूसरा धडा प्रशासन की इस कार्रवाई को सही ठहरा रहा है।

### शोभायात्रा आज

राजसमंद, (निसं)। फियावडी में श्री मंगरी श्याम भैरवनाथ मंदिर का दस दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव गणपति स्थापना के साथ शुरू हुआ। वहीं, महोत्सव के तहत गुरुवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा श्रद्धालु कान्हा राजगुरु ने बताया कि महोत्सव के तहत बुधवार को शुभ मुहूर्त में पंडित राहुल महाराज के सानिध्य में गणपति की स्थापना विधि विधान से की गई।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म M/s Shree Kanak Minchem (पंजीयन संख्या: RF/UDP/2018/3206) की भागीदारस्व. श्रीमती सुनीता मेघवाल का निधन दिनांक 11.12.2019 को हो गया था। अत: उनके स्थान पर उनके भाई श्री लोकेश मेघवाल को दिनांक 11.12.2019 से फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर जिला उद्योग केंद्र, उदयपुर (राजस्थान) में संपर्क करे।

फर्म की ओर से
दिनांक
**M/s Shree Kanak Minchem**
उदयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बायडी प.स. खेरवाडा, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 12     दिनांक- 09.02.26

**खुली बोली निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बायडी पंचायत समिति खेरवाड़ा में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदां दिनांक 22.02.26 को साय 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व htttps://eproc.rajasthan.goc.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2526WSOB04470, ZUD2526WSOB04471
ZUD2526WSOB04472, ZUD2526WSOB04473
ZUD2526WSOB04474, ZUD2526WSOB04475

| प्रशासक | विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत बायड़ी | ग्राम पंचायत बायड़ी |
| पं.स. खेरवाड़ा, जि. उदयपुर | पं.स. खेरवाड़ा, जि. उदयपुर |

# प्रदेश में 2 लाख 34 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट

उदयपुर,(कासं)। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 894 केस दर्ज करते हुए 718 को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा 622, देशी मदिरा 4921, अवैध मदिरा 5468, बीयर 1052 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग को सीज किया गया।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रषासन अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 894 केस दर्ज करते हुए 718 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन में प्रयुक्त 33 दुपहिया वाहन, 3 हल्के चार पहिया वाहन, 3 भारी चार पहिया वाहन एवं एक अन्य सहित 40 वाहनों को सीज किया गया है।

### निरीक्षण किया

उदयपुर, (कासं)। सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान मे माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेशानुसार श्रीमान ज्ञान प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा माँ द्रौपदी वृद्धाश्रम सेक्टर 14, कृष्णा शर्मा वृद्धाश्रम सेक्टर 14, राजकीय वृद्धाश्रम बालीचा, मुख्यमंत्री पूनर्वस गृह बिलिया, औस स्वयंसिद्धा आश्रम बेदला का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौराना सयुंक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग गिरीश भटनागर, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अयुषी जैन भी में उपस्थित रहे।

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मावली जिला उदयपुर ( राज )**

**वाद पदों के स्थिरिकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन**

( आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता )

**पत्रावली संख्या: 142/25 ( विविध )**

श्री किशनलाल    बनाम    श्री दौला

वास्ते,

1. श्री रमेशियापिता पन्ना भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
2. मांगी पिता पन्ना भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
3. नोजी पिता पन्ना भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
4. चन्दरी पिता भंवरा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
5. गेन्दी पिता भंवरा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
6. सायरीबाई पिता जीता भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
7. गुलाबीबाई पिता लोगर भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
8. छगनीबाई पिता लोगर भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
9. प्यारीबाई पिता लोगर भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
10. हुडीबाई पिता लोगर भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
11. श्री चेना पिता लखुडा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
12. श्री भुरा पिता मेघा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
13. सीता पिता मेघा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
14. देवली पिता हीरा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
15. श्री रूपा पिता हीरा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
16. श्री राजु पिता मेघा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
17. श्री गोकल पिता भाना भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
18. श्री पेमा पिता भाना भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
19. श्री कैलाश पिता प्यारा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
20. लोगरी पिता प्यारा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
21. प्रेमी पिता प्यारा भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
22. श्री मिठुलाल पिता देवली भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
23. श्री कालुलाल पिता देवली भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)
24. श्री बाबुलाल पिता देवली भील, निवासी मोटीखेडी, तहसील घासा, जिला उदयपुर (राज.)

**सहायक कलक्टर (SDO) मावली**

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर संपन्न

उदयपुर, (कासं)। ।महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक मात्स्यकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाईकासात दिवसीय विशेष शिविर(05-11फरवरी,2026)का समापन आज11फरवरीको मुख्य अतिथि डॉ.बी.के. शर्मा(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्लीद्वारा अनुसंधान सलाहकार समिति के नव नियुक्तसदस्य)एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन ताकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर शर्मा ने स्वयंसेवकों का आ ान किया कि उन्हें अपने राष्ट्रीय के निर्माण में पूरा योगदान देना चाहिये,युवाओं से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। युवा शक्ति टीम वर्क के रूप में अगर किसी भी कार्य को अपने हाथों में लेकर करने का मन बना लें तो कोई भी काम असम्भव नहीं है। विशेष शिविर के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा किए गए कार्यों की डॉ. बी.के. शर्मा ने खुले दिल से सराहना की साथ ही संभाग स्तरीय किसान मेले (7से9फरवरी,2026)में स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए योगदान के लिए उन्हें बधाई दी।

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/352 **आम सूचना** दिनांक : 10/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अपेक्षा माईनिंग इंजीनियर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री उमर खान पिता श्री इकबाल खान | धुणी माता | 7032/2102, 2103, 7030/2104, 7028/2105, 7026/2106 | संयुक्तिकृत भूखण्ड संख्या 01 + 02 +03 | 6288.00 वर्गफीट | डबोक चौराहे से चित्तौडगढ जाने वाले 300 फीट चौडे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हैं । | मिश्रित उपयोग से होटल (पर्यटन इकाई प्रयोजनार्थ) |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

# बांसवाड़ा जिले को मिली अनेक सौगातें

बांसवाड़ा, (निसं)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा बतौर वित्त मंत्री बुधवार को पेश वर्ष 2026-2027 के बजट में जिले को अनेकानेक सौगातें मिली है। खासतौर से आदिवासी बहुल जिले के लिए अनेकानेक घोषणाएं की गई हैं। बजट 2026-27 में विकसित राजस्थान/2047 के विजन को साकार करने के लिए सुगम व बाधारहित परिवहन तथा यातायात के लिए रोड वर्क का सुदृढ़ीकरण, लेवल क्रोसिंग को समाप्त करना, बाईपास निर्माण, सडक सुरक्षा के लिए ब्लेक स्पोट का सुधार, इन्टीलिजहेंट ट्रंसयपोर्ट सिस्टम का विस्तार तथा औद्योगिक विकास के लिए पहुंच मार्गों का निर्माण व विकास की प्राथमिकता के तहत सड़क विकास अंतर्गत थापड़ा बस स्टैंड से बोराखाण्डी तीन रास्ता वाया दलपुरा पाटीया गलिया डामर सड़क 6 कि.मी. आनंदपुरी के लिए 1 करोड़ 60 लाख की लागत प्रस्तावित की गई है। वहीं आंजना से गलियाकोट पुल तक शीतला माता शक्तिपीठ एवं बोहरा समुदाय का विश्व विख्यात दरगाह 10 किमी गढ़ी-बांसवाड़ा के लिए 14 करोड़ रूपए प्रस्तावित किये गये हैं।

# कलक्ट स्काउट-गाइड के सर्वाच्च अवार्ड सिल्वर एलिफेन्ट से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा, जयपुर में बुधवार के आयोजित राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार सम्मान समारोह में उदयपुर जिला कलक्टर नमित मेहता को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारत स्काउट-गाइड के सर्वाच्च राष्ट्रीय सम्मान सिल्वर एलिफेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य, राज्य सचिव पी.सी.जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उदयपुर जिले के सी.ओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि मेहता को वर्ष 2022-23 में पाली जिले के कलक्टर रहते हुए 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। पाण्डे ने बताया कि सिल्वर ऐलिफेंट अवार्ड भारत स्काउट व गाइड का सर्वोच्च राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है। यह मुख्य रूप से कई नामी गिरामी हस्तियों, राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, मंत्रियों, उद्योगपतियों को भारत स्काउट व गाइड आंदोलन के क्षेत्र में अति विशिष्ट उपलब्धियों के फलस्वरूप प्रदान किया जाता है।

मेहता के सम्मानित होने पर सभी प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा आमजन सहित स्काउट-गाइड उदयपुर मण्डल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मनमोहन स्वर्णकार, जिला मुख्यायुक्त स्काउट प्रतिभा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. लोकेश भारती, जिला सचिव हीरालाल व्यास, जिला कोषाध्यक्ष महक सनाढ्य, सी.ओ. गाइड अभिलाषा मिश्रा सहित जिले के सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट व गाइड, सचिव स्थानीय संघ एवं स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय सहायक कलक्टर (FT) मावली जिला उदयपुर ( राज )**

**वाद पदों के स्थिरिकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन**

( आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता )

**पत्रावली संख्या: 01/26 ( वाद )**

श्री प्रेमानन्द    बनाम    श्रीमती ईन्द्रा

वास्ते,

1. कमला पुत्री कालु धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
2. श्रीमती केसी पत्नी हीरा धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
3. श्री हेमराज पुत्र केसी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
4. श्री भुरालाल पुत्र केसी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
5. प्रेम पुत्री केसी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
6. गीता पुत्री केसी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
7. श्री नन्दलाल पुत्र गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
8. श्री माधुलाल पुत्र गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
9. रूकमणी पुत्री गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
10. किशोरी पुत्री गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
11. सोसर पुत्री गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
12. शोभा पुत्री गुलाबी धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
13. गोपी पुत्री प्रथा धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
14. श्री पुष्कर पुत्र जमना धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
15. श्री सुनिल पुत्र जमना धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
16. श्री कैलाश पुत्र जमना धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
17. देऊ पुत्री कनीबाई धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
18. श्री देवेन्द्र पुत्र मोहनलाल धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
19. श्री रोशनलाल पुत्र नारायण धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
20. श्री झमकलाल पुत्र नारायण धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
21. श्री ताराचन्द पुत्र नारायण धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
22. वरदी पुत्री नारायण धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
23. हुडी पुत्री नारायण धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
24. श्री मथरा पुत्र प्रथा धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
25. श्री मोती पुत्र नाथु धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
26. श्री मोहनलाल पुत्र गणपत धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
27. रेखा पुत्री मोहनलाल धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
28. श्री रतनलाल पुत्र कनीबाई धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)
29. श्री रमेश पुत्र हीरा धोबी, निवासी ईण्टाली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.)

**सहायक कलक्टर ( फास्ट ट्रेक ) मावली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरदा पंचायत समिति, ऋषभदेव-उदयपुर**

क्रमांक:-एफ( )/ग्राम/लेखा/ई-निविदा/2025-26/12 दिनांक: 4.2.26

**-: ई-निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास योजनाओं के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2025-26 में निष्पादित कराए जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु उपर्युक्त श्रेणी में निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में एवं टेण्डर डॉक्युमेंटhttp://rproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देख सकते है।

UBN NO    ZUD2526WSOB04469
ZUD2526WSOB04468

| ग्राम विकास अधिकारी | प्रशासक |
|---|---|
| ग्राम पंचायत भरदा | ग्राम पंचायत भरदा |
| पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर | पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर |

# संपर्क पोर्टल की शिकायतों का मौके पर सत्यापन

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश करते हुए ग्राम ननाणा, टीकर तथा खाखरमाला ग्राम पंचायत क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से पहुँचकर संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निस्तारण का मौके पर सत्यापन किया। कलक्टर ने गांव की गलियों में पैदल भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद किया और समस्याएं सुनीं।

ग्राम टीकर और नन्नाना में खुली नालियों की स्थिति देखकर कलक्टर ने चिंता व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल नाली निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। एक उपभोक्ता के निवास पर पहुँचकर अधिक बिजली बिल की शिकायत का भी सत्यापन किया गया।

उपभोक्ता ने कलक्टर के समक्ष समाधान पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए राहत स्वीकार की। यह दृश्य उपस्थित ग्रामीणों के लिए भावुक क्षण बन गया, जब प्रशासन स्वयं उनके द्वार पर खडा दिखाई दिया कलक्टर हसीजा ने गलियों में घूमते हुए कहीं कंधे पर हाथ रखकर तो कहीं चाय पर बैठकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उनकी इस सहज और मानवीय शैली से ग्रामीणों में खुशी और विश्वास का वातावरण दिखाई दिया।

# 'डूंगरपुर जिले की शान है स्वच्छता, इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी'

डूंगरपुर, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्टेट कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने जिला कलेक्ट्रेट ईडीपी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाडया ने स्टेट कोऑर्डिनेटर गुप्ता का स्वागत अभिनंदन किया।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता डूंगरपुर जिले की शान है और इसे बनाए रखना आप सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ डूंगरपुर स्वस्थ् डूंगरपुर की उपाधि प्राप्त करने के लिए जिले के हजारों लोगों की मेहनत लगी है तथा शहर में पढने वाले 22373 बच्चों का समर्पण लगा है तब जाकर यह सफलता प्राप्त हुई है। इसलिए स्वच्छता के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए स्टेट कोऑर्डिनेटर गुप्ता ने कहा कि देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में एक आम सभा के दौरान डूंगरपुर जिले में स्वच्छता के कार्यो की प्रशंसा की थी वही देश के ओजस्वी गृहमंत्री अमित शाह ने भी हमारे द्वारा उनके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गोद लिए गए गांव में स्वच्छता के कार्य किए गए हैं जिसका उल्लेख उन्होंने उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी किया था। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा स्वयं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। स्वायत शासन विभाग के आयुक्त एवं शासन सचिव विभाग महोदय द्वारा भी स्वच्छता के कार्यो की प्रतिदिन ऑनलाइन निगरानी रखी जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि आगामी वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु और विकसित देश बनाना है जो स्वच्छता के बिना संभव नहीं है।

गुप्ता ने पंचायत समिति साबला अंतर्गत ग्राम पंचायत निठाऊआ गामडी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं इसी कारण से जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में पूरी ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया। जिले की अन्य सभी ग्राम पंचायत को इससे सीख लेने की आवश्यकता है और हमारे प्रयास रहने चाहिए कि हमारे ग्राम पंचायत भी निठाऊआ गामडी जैसी स्वच्छ सुंदर बने। इन सब के लिए आवश्यक है कि सभी कर्मचारी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ स्वच्छता के मापदंडों पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें तथा स्वच्छता की तारीफ हर व्यक्ति के जबान पर हो तब जाकर हमारा यह स्वच्छ भारत मिशन सफल होगा तथा जन आंदोलन बनेगा।

स्टेट कोऑर्डिनेटर गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता के कार्यो में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की सिफारिश सरकार तक की जाएगी। आज गांव में देखा जाता है कि घर-घर कचरा संग्रहण ना तो नियमित हो रहा है तथा गिला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कचरा नहीं लेने से आरआरसी प्लांट कचरे से भर जाते हैं जिसका निस्तारण नहीं किया जा सकता ऐसे में गिला एवं सुख अलग-अलग कचरा एकत्रित करना होगा जिससे जैविक खाद बनाई जाएगी तथा सूखे कचरे को आराम से बेचैन किया जा सकेगा इसे नियमित एवं टाइम बाध्यता से करना होगा आमजन में विश्वास जगाना होगा तब जाकर हम कहीं इस अभियान में सफल होंगे गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पर प्लास्टिक कैरी बैग देखे जा रहे हैं जो कि प्रतिबंधित है इसकी रोकथाम के लिए घर-घर प्लास्टिक संग्रहक बेग/कट्टे वितरित किए जाने चाहिए इस संबंध में पूर्व में भी बहुत बार निर्देश दिए जा चुके हैं। बहुत सारी ग्राम पंचायतें सिर्फ कागजों में ऑडीएफ प्लस घोषित कर रही है और जब कभी स्वच्छता निरीक्षक की टीम आती है इस समय साफ सफाई की जाती है बाकी समय पूरे गांव में गंदगी और गांव में कीचड फैला रहता है।

जल जीवन मिशन योजना बहुत बडी है जो सीधे जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुडी हुई है। जनता को त्वरित लाभ मिलना चाहिए। सार्वजनिक टॉयलेट गंदगी से भरे हुए हैं जिसकी दिन में तीन बार नियमित रूप से सफाई आदि होनी चाहिए वहीं गांव में बने तालाब भी स्वच्छ रहने चाहिए। इससे लोगों को सिंचाई के लिए और पशुओं को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सकता है। वृक्षारोपण अभियान के समय पेड लगाए जाते हैं लेकिन उसके बाद उसकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए और समय-समय पर पौधे को पानी भी दिया जाए तथा तालाबों के भरने से धरती को भी यह तालाब सीखते हैं जलस्तर बढाते हैं तथा पानी में टीडीएस को काम करते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरदा पंचायत समिति, ऋषभदेव-उदयपुर**

क्रमांक:-एफ( )/ग्राम/लेखा/ई-निविदा/2025-26/12 दिनांक: 3.2.26

**-: ई-निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास योजनाओं के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2025-26 में निष्पादित कराए जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु उपर्युक्त श्रेणी में निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में एवं टेण्डर डॉक्युमेंटhttp://rproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देख सकते है।

UBN NO    ZUD2526WSOB04465, 66, 67

| ग्राम विकास अधिकारी | प्रशासक |
|---|---|
| ग्राम पंचायत भरदा | ग्राम पंचायत भरदा |
| पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर | पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर |

# खेल जगत



लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया, खासकर बल्लेबाजी की शुरुआत। उन्हें 190 से कम रनों पर रोकना अद्भुत था। हारने वाली टीम का हिस्सा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने मैदान पर अपना सब कुछ झोंक दिया। - राशिद खान

अफगानिस्तान कप्तान, अपनी टीम की तारीफ करते हुए।

## आज का खिलाड़ी ▶ अभिषेक शर्मा



**टीम अभिषेक शर्मा** को लेकर चिंतित है, जिन्हें पेट की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और आगामी मैच में भी उनके खेलने पर संदेह था। हालांकि, स्टार सलामी बल्लेबाज अब अस्पताल से ड़िस्चार्ज हो चुके हैं और भारत मैच से ठीक पहले उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला ले सकता है। भारत टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में नामीबिया का सामना करने के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेड़ियम में तैयार है। अभिषेक अस्पताल से ड़िस्चार्ज हो चुके हैं और तब से उनकी तबीयत ठीक है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 8 मैच खेले गए हैं. इसमें भारत ने 7 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि पाक को सिर्फ 1 मैच में जीत मिली है।

## जम्पा और एलिस के चक्रव्यूह में फंसा आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की 67 रनों से बड़ी जीत



कोलंबो, 11 फरवरी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड़ पर शानदार जीत दर्ज की और मेहमान टीम को मात्र 115 रनों पर रोककर 67 रनों से विजयी रही। अनुशासित गेंदबाजी और बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड़ के कप्तान पॉल स्टर्लिंग संभावित रूप से हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण सिर्फ एक रन बनाकर संन्यास ले लिया। दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैरी टेक्टर तीन गेंदों में शून्य पर आउट हो गए।

तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज नाथन एलिस द्वारा आउट किए जाने के बाद सलामी बल्लेबाज रॉस एड़ायर 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरुआत की और आयरलैंड़ का स्कोर 13/2 हो गया। कर्टिस कैम्फर (4), बेंजामिन कैलिट्ज़ (2) और गैरेथ ड़ेलानी (11) के विकेट गिरने के बाद आयरलैंड़ ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट गंवा दिए और सातवें ओवर के अंत तक आयरलैंड़ का स्कोर 43/5 हो गया।

लोरकान टकर और जॉर्ज ड़ॉकरेल ने 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन 14वें ओवर में एड़म ज़म्पा ने टकर को 24 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने निचले क्रम के सभी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर 67 रनों से जीत हासिल की और टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस (4/12) और एड़म ज़म्पा (4/23) ने चार-चार विकेट लिए। मैथ्यू कुहनेमैन (1/29) भी विकेट लेने वालों में शामिल थे। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस की जुझारू पारी, जिसमें जोश इंग्लिस और मैट रेनशॉ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, ने ऑस्ट्रेलिया को 182/6 के स्कोर तक पहुँचाया। स्टोइनिस अपनी टीम के लिए 29 गेंदों में 45 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि इंग्लिस और रेनशॉ ने 37-37 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। हेड़ और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत की। हेड़ पहले ओवर में चौका लगाने के बाद दूसरे ओवर में छह रन बनाकर रन आउट हो गए। पहले ओवर में पांचवीं गेंद पर कैलिट्ज़ ने पॉइंट पर उनका कैच छोड़ दिया था।

इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और दोनों ने आयरिश गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। ग्रीन ने 11 गेंदों में 21 रन बनाकर तेज शुरुआत की, लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके क्योंकि पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर मार्क एड़ायर ने मिड़-विकेट पर उन्हें आउट कर दिया।

## साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हराया

अहमदाबाद, 11 फरवरी। साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड़ कप में अफगानिस्तान को ड़बल सुपर ओवर में हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेड़ियम में बुधवार को खेले गए



इस मुकाबले में टूर्नामेंट के इतिहास का पहला ड़बल सुपर ओवर देखने को मिला। ग्रुप-ड़ी के इस मैच के दूसरे सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने 6 गेंदों पर 23 रन बनाकर अफगानिस्तान को 24 रन का लक्ष्य दिया। टारगेट का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने दूसरी ही गेंद पर मोहम्मद नबी का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीसरी, चौथी व पांचवीं गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए, लेकिन आखिरी बॉल पर आउट हो गए। इससे पहले दूसरे सुपर ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स और ड़ेविड़ मिलर ने तीन सिक्स लगाकर साउथ अफ्रीका को 23 रन तक पहुंचाया था। पहले सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 17-17 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सिक्स लगाकर स्कोर बराबर किया था।

## वेस्टइंडीज की लगातार दूसरी जीत, इंग्लैंड 30 रन से हारा



मुंबई, 11 फरवरी। वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को ठ्रुप सी के मैच में 30 विकेट से हराया। बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 197 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 18.5 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। सैम करन ने नाबाद 43 रन बनाए। जैकब बेथेल ने 33 रन और फिल सॉल्ट ने 30 रन बनाए। गुडकेश मोती ने 3 विकेट झटके। दो विकेट रोस्टन चेज को मिला। अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट लिए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही वेस्टइंडीज ने 6 विकेट खोकर 196 रन बनाए। शेरफन रदरफोर्ड ने 7 छक्के लगाकर 76 रन बनाए। आदिल रशीद ने 2 विकेट लिए। ऽ यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर की समाप्ति पर 196 रन बनाए हैं और 197 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की ओर से शेफरन रदरफोर्ड ने 42 गेंदों में 76 रन बनाए। अंत में होल्डर ने 17 गेंदों में 33 रन बनाकर स्कोर को आगे बढ़ाया और रफ्तार पकड़ी। रॉस्टन चेज ने 34 रन बनाए और अन्य बल्लेबाजों ने भी अच्छा सहयोग दिया। 197 रनों के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत काफी तेज रही लेकिन मिड ओवर्स में इंग्लैंड के एक के बाद एक विकेट गिरते रहे और टीम 19 ओवर में 166 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की ओर से सैम करन ने 43 रन की पारी खेली वे अंत तक लड़ते रहे। जेकब बेथल ने 33 रन बनाए, जबकि साल्ट ने तेज तर्रार 30 रनों की पारी खेली, लेकिन इन सब के बाद भी वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के सामने टीम टिक नहीं सकी और 30 रनों से मुकाबला हार गई।

## टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ इस बार सोच अलग होगी- साहिबजादा फरहान

नई दिल्ली, 11फरवरी। साहिबजादा फरहान की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। मंगलवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रनों से हराया। अब पाकिस्तान का अगला ग्रुप स्टेज मैच 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होगा। फरहान ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम इस बार एक अलग सोच के साथ मैदान में उतरेगी।

## बीड़ब्ल्यूएफ का नया कैलेंड़रः इंड़िया ओपन का सुपर 750 दर्जा कायम

नई दिल्ली, 11फरवरी। बैड़मिंटन वर्ल्ड़ फेड़रेशन ने 2027 से 2030 तक के नए वर्ल्ड़ टूर कैलेंड़र का ऐलान करते हुए साफ कर दिया है कि इंड़िया ओपन सुपर 750 स्तर का टूर्नामेंट बना रहेगा और इसका आयोजन आगे भी नई दिल्ली में ही होगा। बता दें कि पिछले महीने आयोजन के दौरान इंड़िया ओपन को गंभीर अव्यवस्थाओं के कारण खिलाड़ियों की आलोचना झेलनी पड़ी थी। खिलाड़ियों ने स्टेड़ियम में साफ-सफाई की कमी, बंदरों की मौजूदगी और पक्षियों व उनकी बीट से खेल में व्यवधान जैसी शिकायतें सार्वजनिक तौर पर की थीं। इसके बावजूद बीड़ब्ल्यूएफ ने टूर्नामेंट की श्रेणी में कोई कटौती नहीं की, जो भारतीय बैड़मिंटन के लिए राहत की खबर मानी जा रही है। हालांकि, लखनऊ में होने वाले सैयद मोदी इंड़िया इंटरनेशनल को बड़ा झटका लगा है। गौरतलब है कि यह टूर्नामेंट 2018 से लगातार सुपर 300 स्तर पर बना हुआ था, लेकिन नए चक्र में इसे सुपर 100 श्रेणी में ड़ाउनग्रेड़ कर दिया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, कोरिया ओपन के साथ-साथ सैयद मोदी टूर्नामेंट भी सुपर 300 सूची से बाहर हो गया है।

## मनु भाकर को रजत, ईशा सिंह को कांस्य, भारत को टीम गोल्ड़

नई दिल्ली, 11फरवरी। शूटिंग रेंज पर सोमवार को मुकाबला आखिरी सांस तक खिंचा और नतीजा शूट-ऑफ में जाकर तय हुआ। भारत की ड़बल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को एशियन चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि वियतनाम की गुयेन थुई ट्रांग ने दोहरे शूट-ऑफ में बाज़ी मारते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। भारत की ही ईशा सिंह ने कांस्य पदक जीता और एक बार फिर भारतीय महिलाओं का दबदबा देखने को मिला।बता दें कि फाइनल मुकाबला बेहद उतार-चढ़

ाव भरा रहा, जहां बढ़

त कई बार हाथ बदलती दिखी। मनु चौथी सीरीज़ के बाद तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन पांचवीं सीरीज़ में उन्होंने खुद को दूसरे स्थान तक पहुंचा लिया। छठी सीरीज़ में वियतनामी निशानेबाज़ ट्रांग ने सभी पांच निशाने साधे, जिससे मनु फिर तीसरे स्थान पर खिसक गईं। इसके तुरंत बाद मनु ने शानदार वापसी करते हुए अगली सीरीज़ में परफेक्ट स्कोर किया और बढ़

त बना ली, हालांकि ट्रांग लगातार दबाव बनाए रहीं और आखिरकार शूट-ऑफ में स्वर्ण जीतने में सफल रहीं।

गौरतलब है कि मनु इस टूर्नामेंट में 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पदक से चूक गई थीं, लेकिन इसका असर उनके प्रदर्शन पर नहीं दिखा। मौजूद जानकारी के अनुसार मनु ने कहा कि वह एक स्पर्धा के नतीजे को दूसरी स्पर्धा से अलग रखकर देखती हैं और वर्षों से दोनों इवेंट में शूटिंग करने का अनुभव उन्हें मानसिक रूप से संतुलित रखता है।

वहीं ईशा सिंह, जिन्होंने इसी प्रतियोगिता में 10 मीटर पिस्टल में स्वर्ण जीता था, 25 मीटर इवेंट में भी मजबूत दावेदार के रूप में आगे बढ़ रही थीं। आठ सीरीज़ यानी 40 शॉट के बाद वह शीर्ष पर थीं, लेकिन नौवीं सीरीज़ में एक भी हिट न कर पाने के कारण उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ईशा ने माना कि वह सीरीज़ उनके लिए सीख भरी रही और उस समय निशाने लगातार लक्ष्य के दाईं ओर जा रहे थे।

भारत की तीसरी फाइनलिस्ट रिदम सांगवान ने चौथा स्थान हासिल किया। हालांकि व्यक्तिगत मुकाबले से इतर, भारतीय टीम के लिए दिन बेहद सफल रहा। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने 1751 के संयुक्त स्कोर

### 5वीं इंड़िया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट

## जयपुर के लव सांखला ने रजत पदक जीता

जयपुर, 11 फरवरी। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेड़ियम में आयोजित 5वीं इंड़िया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में जयपुर के लव सांखला ने जूनियर कैटेगरी के -89 किग्रा भारवर्ग में फ़ाइनल में पहुंचकर तुर्की के खिलाड़ी से कड़े संघर्ष के बाद रजत पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है ।



लव विगत 4 सालों से किकबॉक्सिंग का नियमित अभ्यास कर रहे हैं तथा पूर्व में भी जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक अपने नाम कर चुके हैं । पदक जीतकर लौटने पर लव का परिवार जनो व कई सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया । लव ने पदक का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है तथा भविष्य में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित करने को अपना आगामी लक्ष्य बताया।

### प्रथम मुमताज खान स्मृति अण्ड़र-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

## कप्तान इ़ज़हार के नाबाद शतक से नैना एकेड़मी चैम्पियन

जयपुर, 11 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अण्ड़र-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट ग्राउण्ड़ जगतपुरा में खेले गये फाईनल मुकाबले में नैना क्रिकेट एकेड़मी ने कप्तान इ़ज़हार खान 113 रन नाबाद 79 गेंद 15 चौके 4 छक्के की मदद से तारीक क्रिकेट एकेड़मी को 4 विकेट से हराकर चेम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

टॉस जीतकर तारीक क्रिकेट एकेड़मी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया ओपनर तवीश शर्मा 87 रन 55 गेंद 7 चौके 6 छक्के विकेट कीपर अर्श 52 रन 46 गेंद 4 चौके 4 छक्के, अनंत सिंह 14 रन, भव्य सैनी 12 रन की मदद के बावजूद नैना क्रिकेट एकेड़मी के गेंदबाजों कियांश 17 रन पर 3 विकेट, मनन मीणा 20 रन पर 2 विकेट, कप्तान इजहार 51 रन पर 2 विकेट तथा ऋषभ व आरव चौधरी प्रत्येक 1-1 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष 35.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गयी।

जवाबी पारी में नैना क्रिकेट एकेड़मी के कप्तान इजहार खान 113 रन नाबाद 79 गेंद 15 चौके 4 छक्के के ऐकाकी प्रयास से विजय लक्ष्य 185 रन 6 विकेट खोकर 32 ओवर में हासिल कर लिया। नैना क्रिकेट एकेड़मी की ओर से अली खान 18 रन, अव्यांश शर्मा 17 रन, निष्चल शर्मा 12 रन, अन्य सफल बल्लेबाज रहे जिन्होंनें दहाई संख्या पार की। तारीक क्रिकेट एकेड़मी की ओर से गवणेश मीणा 34 रन पर 3 विकेट निखिल व रियान खान प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।



प्रतियोगिता का पारितोषी वितरण राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड़ॉ. बी.आर. सोनी ने किया ।

इस प्रतियोगिता का मैन ऑफ दी फाईनल इ़ज़हार खान नैना क्रिकेट एकेड़मी रहे। मैन ऑफ दी टूर्नामेन्ट रोहन मीणा, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज इ़ज़हार खान, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मनन मीणा,, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक आयुष शर्मा रहे।

### रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट

## विमल एरियन अचीवर्स ने कैरेसिल सुहाना को हराकर जीता मैच

जयपुर, 11 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित हो रहे रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट का दूसरा मैच बुधवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड़ पर खेला गया। यह रोमांचक मुकाबला टीम कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स के बीच हुआ, जिसमें विमल एरियन अचीवर्स ने कैरेसिल सुहाना को 10-7 के स्कोर से पराजित किया। विजेता टीम से विमल एरियन अचीवर्स से अलेजो अरामबुरु ने 4 गोल और ध्रुवपाल गोदारा ने 3 गोल हासिल किए।

वहीं, ड़ेनियल ओटामेंड़ी ने 2 गोल और सलीम आजमी ने 1 गोल किया। दूसरी ओर,



टीम कैरेसिल सुहाना से मैनुअल प्राड़ो और माटियास वायल ने 3-3 गोल किए। अशोक चांदना ने 1 गोल किया और टीम से कुलदीप सिंह राठौड़ भी खेले। गुरुवार, 12 फरवरी को रेस्ट ड़े रहेगा।

## आईसीसी ने दी मंजूरी, चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह दुशान हेमंथा टीम में शामिल

नई दिल्ली, 11फरवरी। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंड़र दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड़ के खिलाफ पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनड़े और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, "आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।"


**MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No./M.B.Nath/NIT/CONST./2026/17682 Date : 06-02-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 52/2025-26 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to Date 16-02-2026 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – 1.- DLB2526WSOB33451

Commissioner Municipal Board Nathdwara

Raj.Samwad/C/25/19573

**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA**

(Rawathbhata Road, Kota -324021) (Estate Cell)

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E Bid is invited for ""ARC for hiring of Men Power (Skilled/ Semi Skilled/ Unskilled) through service provider on job basis (NIB 35/2025-26, UBN: VMU2526SLRC00039) Further details may be obtained from http://www.eproc.rajasthan.gov.in , www.sppp.rajasthan.gov.in & www.vmou.ac.in w.e.f. 13/02/2026.

Raj.Samwad/C/25/19622 OIC (Estate)

**कार्यालय नगर पालिका सपोटरा, जिला करौली (राज0)**

क्रमांक :-1651-1653 दिनांक :-04.02.2026

**ई निविदा सूचना**

नगर पालिका सपोटरा की ओर से पंजीकृत संवेदको से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा से संम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न (NIB CODE – DLB2526B1301) UBN No –DLB2526SLOB33334, DLB2526SLOB33335 पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सपोटरा

राज.संवाद / सी / 25 / 19655

**कार्यालय नगर निगम पाली**

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड़-306401)

टेलीफोन :- 02932-250033 ई-मेल :-cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक : प.19( )गैराज / 2026 / 434 दिनांक : 06.02.2026

**:: ई-निविदा सूचना संख्या ...../2025-26**

नगर निगम, पाली की ओर से पाली नगर निगम एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो वेबपोर्टल www.sppp.raj.gov.in, www.eproc.rajastha.gov.in पर निम्नलिखित UBN नम्बर अनुसार डाउनलोड कर देखी जा सकती है।

1. UBN नम्बर DLB2526GLRC33413

आयुक्त नगर निगम, पाली

राज.संवाद / सी / 25 / 19550

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, PALI**

ENVIRONMENT AND SOLID WASTE MANAGEMENT CELL

Sr.no. -MCP/Env. & SWM/NIT/PIU /2025-26/508 Date:02.02.2026

**Notice Inviting Tender (NIT) 07/2025-26/02.02.2026**

Online Proposal are invited on behalf of Municipal Corporation Pali from the reputed, experience and technically eligible Contractor firm (Enlisted in different Classes Of Contractors) for the work of "Development of Waste-to-Wealth Park (Circularity Park) for Promoting Public Awareness on Reuse, Recycling and Circular Economy Concepts " the further detailed regarding to bid Documents can be downloaded from the e-tendering portal https://eproc.Rajasthan.gov.in And https://sppp.rajasthan.gov.in Estimate cost of work are 26.00 lakhs.

UBN NO:- DLB2526WSOB32950

Commissioner Municipal Corporation Pali

Raj.Samwad/C/25/19552

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स.0294-2421255, 2420013 , Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org

क्रमांक : निविजा / 2025-26 / ई -35 दिनांक :- 06.02.2026

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 35/2025-26**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 40.15 लाख के कुल 03 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 09.02.2026 एवं अंतिम तिथि 18.02.2026 तथा निविदा खुलने की तिथी 19.02.2026 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2526WSOB00149

राज.संवाद / सी / 25 / 19553 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर

**जोधपुर नगर निगम**

क्रमांकः-2025-26 / 5712 दिनांकः- 06.02.2026

**:: अल्प कालीन ई-निविदा सूचना ::**

**(UB NO. DLB2526WSOB33588)**

नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in/ उबरे पर देखी जा सकती है।

आयुक्त नगर निगम जोधपुर

राज.संवाद / सी / 25 / 19556

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

**निविदा सूचना** दिनांक :- 19/01/2026

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)75/CC/2025/23 dated 09.02.2026 UBN No. MML2526SLRC00156 | गिरल लिग्नाईट माईन्स, बाड़मेर (पिन कोड-344701) के लिये तीन बोलेरो-07 सीटर या समकक्ष वाहन (ए. सी. डीजल टैक्सी परमिट) मय वाहन चालक किराये पर लेने हेतु । (वाहन का मॉडल वर्ष 2025 अथवा बाद का होना आवश्यक है)। अनुमानित मूल्य (रू.) 64.00 लाख धरोहर राशि (रू.) – 1,28,000 / –, निविदा राशि– 4720 / – जी.एस.टी. सहित – रूपये 1500 / – (e-Tender fee to MD, RISL) |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी-अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/19602 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

इस वृत की निविदा संख्या 33 (2025-26) के अंतर्गत 132 केवी जीएसएस दईजर हेतु विभिन्न आरवीपीएन भंडारों से संरचनात्मक सामग्री व उपकरणों का परिवहन तथा सुरक्षित अभिरक्षा में भंडारण/स्थापन कार्य, RVPN स्टोर से साइट स्टोर (132 केवी जीएसएस दईजर) तक, AEN (टी एंड सी), RVPN, जोधपुर के कार्यालय में H-शेड्यूल अनुसार श्रम दर अनुबंध के आधार पर कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाइन माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के भरी जाने, खुलने तथा अन्य दिनांकों का विस्तृत विवरण 'https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn/#/home/dptHome' एवं 'https://sppp.rajasthan.gov.in' और https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध हैं।

UBN: VPN2526SLOB02793

अधीक्षण अभियन्ता (टी. एण्ड सी.), जोधपुर

राज.संवाद/सी/25/19609 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7380/2026

**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in

Ref. No. : F-8() RMSC/EPM/M-3/NIB-881/2025-26/1659 Dated :- 09/02/2026

**Corrigendum / Addendum**

Bid for item X-Ray Machine (500 ma) (NIB-881) are invited from interested bidders up to Date: 24/02/2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.

UBN No. : MSC2526GLOB00068

Executive Director (EPM) Rajasthan Medical Services Corporation

Raj.Samwad/C/25/19627

**Rajasthan University of Health Sciences**

सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033

दूरभाष : 0141-279515, 0141-2795508, 2795536, Email : registrar@ruhsraj.org

No. :- F.6 ( ) Store/RUHS/2025-26/37351 Date :- 05/02/2026

**Notice Inviting e-Bids**

Single Stage Two envelope bids are invited up to 02.00 pm of 19.02.2026 for Rate Contract of Event Management Work as per Scope of Work for Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur (Total Est. Cost Rs. 30 Lacs). Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in.

(UBN No. RUH2526SLRC00027)

Registrar RUHS, Jaipur

Raj.Samwad/C/25/19623

**कार्यालय नगर पालिका मांगरोल, जिला-बारां (राज0)**

क्रमांक / न.पा.मा. / 2026 / 4280 दिनांक 09.02.2026

**ई निविदा सूचना वर्ष 2025-26**

NIB CODE- DLB2526B1416

नगर पालिका मांगरोल द्वारा सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से 01 कार्य की मोहरबन्द Online निविदा (तकनीकी व वित्तीय दो लिफाफा पद्धति) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा Online दिनांक 11.02.2026 से 24.02.2026 तक प्राप्त कर दिनांक 25.02.2026 को खोली जावेगी। निविदा संबंधी विवरण का अवलोकन नगर पालिका मांगरोल कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं एवं कार्य की Online निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर ही प्राप्त की जावेगी।

| क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526GLOB33615 |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मांगरोल

राज.संवाद / सी / 25 / 19585

**यात्रिक कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

No. :- 15(157)/AUK/RKVY-COE/Automated Watching Tower/MAF, Kota/2025-26/1053-60

Date :- 07/02/2026

**E-TENDER NOTICE**

E-tenders are invited in two parts (technical & financial bids) from the registered manufacturers and/or their authorized dealers/suppliers for Supply and Installation of Automated Watching Tower having High Resolution Camera and Solar Light Power System at Mechanized Agriculture Farm, Ummedganj, Kota of approximate cost Rs. 25.00 lakhs. The tender form can be downloaded and filled online from 07.02.2026 to 17.02.2026 at www.eproc.rajasthan.gov.in. More information related to tender and conditions can be obtain from http://sppp.rajasthan.gov.in and the university website http://aukota.org.

NIB Code: AUK2425A0125, UBN No.: AUK2425GLOB00130

Raj.Samwad/C/25/19621 Officer Incharge

**OFFICE OF THE MEDICAL SUPERINTENDENT CUM MEMBER SECRETARY, RMRS,RUHS HOSPITAL**

Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033

Ph. : 0141-2795577 Email: supdt.hms@ruhsraj.org

No. :- RUHS HMS/Store/2025-26/13831 Date :- 07/02/2026

**ई-निविदा/दर संविदा सूचना**

राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान चिकित्सालय में आवश्यक ड्रग्स, मेडिसिन एवं सर्जिकल सामग्री की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर संविदा के लिए निर्धारित निविदा प्रपत्र में विनिर्दिष्ट बोलीदाताओं / संवेदकों से ई-निविदा प्रक्रियान्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। (कुल अनुमानित लागत राशि रू. 300.00 लाख) (UBN:-CMS2526GLRC00114)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid Submission Start Date/Time | 07/02/2026 at 01:00 AM onwards |
| 2. | Bid Submission End Date/Time | 26/02/2026 at 02:00 PM |
| 3. | Technical Bid Opening Date/Time | 27/02/2026 at 11:00 AM |

Details may be seen in the Bidding Document at https://sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in.

Medical Superintendent Cum Member Secretary, RMRS, RUHS Hospital, Jaipur

Raj.Samwad/C/25/19625

**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in

Ref. No. : F-8( ) RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/1661 Dated :- 09/02/2026

**CORRIGENDUM / ADDENDUM**

Bid for item:

1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld) ,
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only

are invited from interested bidders up to Date: 12-03-2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.

UBN : MSC2526GLOB00056

Executive Director (EPM) Rajasthan Medical Services Corporation

Raj.Samwad/C/25/19628

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)**

npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346

क्रमांक :- न0पा0के0पा0 / 2025-26 / 4479-81 दिनांक :- 05.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 04,05,06/2025-26**

नगर पालिका के0पाटन द्वारा नगर पालिका केशवराय पाटन में वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए श्रमिक / मैनपावर आपूर्ति हेतु वार्षिक अनुबंध करने हेतु द्विलिफाफा पद्धति / ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 05.02.2026 समय प्रातः 10.00 बजें से तथा अपलोड़ करने की दिनांक 25.02.2026 सायं 6.00 बजे तक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| Sr.No. | NIT NO | UBN No. | Tender cost (in lac) |
|---|---|---|---|
| 1 | 05/2025-26 | DLB2526SLOB33302 | 25.00 |
| 2 | 06/2025-26 | DLB2526SLOB33301 | 25.00 |
| 3 | 04/2025-26 | DLB2526SLOB33300 | 120.00 |
| | | Total | 170.00 |

अध्यक्ष नगर पालिका के0पाटन

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के0पाटन

राज.संवाद / सी / 25 / 19574

# वर्ष 23-24 के मुकाबले इस वर्ष बजट का आकार 40 प्रतिशत बढ़ा- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने कहा कि 24-25 की 93 प्रतिशत तथा 25-26 की 86 प्रतिशत बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हो गई

जयपुर, 11 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने, और सबका साथ, सबका विकास के तीन कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए बनाया गया है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट के बाद प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि इस वर्ष के बजट में वित्त वर्ष 23-24 की तुलना में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमैंट के लिए दोगुनी, चिकित्सा-स्वास्थ्य के लिए 53 प्रतिशत अधिक तथा ग्रीन बजट पर 20.81 प्रतिशत अधिक राशि का प्रावधान किया गया है।

बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बजट में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण सहित, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2023-24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में 1441 बजट घोषणाएं की थी, जिनमें से 1246 घोषणाओं (86 प्रतिशत) और वर्ष 2024-25 के बजट की 1277 घोषणाओं में से 1188 घोषणाओं (93 प्रतिशत) की क्रियान्विति की गई है।

उन्होंने कहा कि इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए पूंजीगत व्यय 53 हजार 978 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो 2023-24 से 2 गुना से अधिक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है, जो 2023-24 से 53 प्रतिशत अधिक है। ग्रीन बजट में 33 हजार 476 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष से 20.81 प्रतिशत अधिक है। शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टैस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद पत्रकारों से वार्ता की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचन्द बैरवा मौजूद थे।*

## 'डॉक्टर्स को उपभोक्ता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं में अनुचित व्यापार प्रथाओं या खामियों के लिए समाधान प्राप्त करने का एक तंत्र प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर, 1995 के अपने फैसले में यह माना था कि चिकित्सा सेवाएं भी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के धारा 2(1)(0) के तहत "सेवा" के दायरे में आती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर, 1995 को दिए गए अपने फैसले में यह कहा था: चिकित्सक द्वारा एक मरीज को दी गई सेवा (जब तक कि डॉक्टर किसी मरीज को मुफ्त सेवा न दे रहे हों या व्यक्तिगत सेवा के अनुबंध के तहत सेवा प्रदान न कर रहे हों), परामर्श, निदान और उपचार (चिकित्सीय और शल्य चिकित्सा दोनों) के रूप में दी गई सेवा, अधिनियम के धारा 2(1)(0) के तहत "सेवा" के दायरे में आएगी।

"यह तथ्य कि चिकित्सा पेशेवर भारतीय चिकित्सा परिषद और/या भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत स्थापित राज्य चिकित्सा परिषदों के अनुशासनात्मक नियंत्रण के अधीन होते हैं, उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को (उपभोक्ता संरक्षण) अधिनियम के दायरे से बाहर नहीं कर सकता।"

## पैनग्विन रैंडम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं, जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं और उनके विस्तृत जवाब मांगे हैं।

## 'राष्ट्रगीत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस साल की गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, राष्ट्रीय गीत पर आधारित कई झांकियां प्रदर्शित की गई थीं। नए नियमों के तहत, राष्ट्रीय गीत के छह अन्तरों का संस्करण, जो 3 मिनट 10 सेकंड तक चलता है, विशेष सरकारी आयोजनों में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके मुकाबले, "राष्ट्रगान" जन गण मन 52 सेकंड का होता है। दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि मृदंगम की ध्वनि राष्ट्रीय गान से पहले बजाई जाएगी। जब वन्दे मातरम् और जन गण मन दोनों बजाए जाएंगे, तो राष्ट्रीय गीत पहले बजाया जाएगा। पिछले नवंबर में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कड़ी आलोचना की थी कि उन्होंने "मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए गीत के महत्वपूर्ण अन्तरे हटा दिये थे।" मोदी ने कहा था कि "गीत को टुकड़ों में बांट दिया गया, और इससे देश के विभाजन के बीज बोए गए।" संसद के शीतकालीन सत्र में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा के दौरान, सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस और कहा-सुनी हुई थी।

## 'तीन साल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिन अधिकारियों ने किसी विशेष जिले या पद पर तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर लिया है, उन्हें स्थानांतरित करना अनिवार्य होगा।

# वृंदावन के होटल में उद्घाटन के दिन ही आग लगी

मथुरा, 11 फरवरी। वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नव निर्मित सिद्धि विनायक होटल में बुधवार को उद्घाटन के कुछ ही घंटों बाद भीषण आग लग गई। आग लगते ही होटल के अंदर घना धुआं भर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में तीन लोग झुलस गए, जबकि करीब 40 लोग होटल के अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

- आग के दौरान 40 लोग अंदर फंस गए थे, तीन लोग झुलस गए हैं
- जिलाधिकारी ने बताया कि होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी तथा होटल मालिक के परिवार के तीन लोग झुलस गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर बाद अचानक होटल की ऊपरी मंजिल से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे परिसर में धुएं का गुबार फैल गया। होटल में मौजूद मेहमान और कर्मचारी घबरा गए। ?

कई लोग कमरों और गलियारों में फंस गए थे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर सुरक्षा घेरा बना दिया।

हादसे में होटल मालिक सुभाष अग्रवाल के समधी हरिमोहन के बेटे विनीत की तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, आग की चपेट में आकर तीन लोग झुलस गए। घायलों में दो बच्चे कार्तिक और समर तथा एक महिला जिया शामिल हैं। सभी को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रशासन के अनुसार, सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रुक्मिणी विहार स्थित सिद्धि विनायक होटल में उद्घाटन के दिन शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने कहा, इस घटना में होटल मालिक के परिवार के तीन सदस्य झुलस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। स्थिति अब नियंत्रण में है।

बताया जा रहा है कि होटल में कुल 24 कमरे हैं और बुधवार को ही इसका विधिवत उद्घाटन किया गया था।

# एप्स्टीन से मुलाकात अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के तहत हुई- हरदीप पुरी

नई दिल्ली, 11 फरवरी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (11 फरवरी) को बजट सत्र के दौरान एप्स्टीन फाइल्स का जिक्र किया, जिसके बाद देश में राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि युवा नेता (राहुल गांधी) को पता होना चाहिए कि एप्स्टीन फाइल्स गलत कामों और आपराधिक मामलों से संबंधित हैं।

केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने जेफरी एपस्टीन से मुलाकात की थी, लेकिन यह मुलाकात अंतरराष्ट्रीय पीस इन्स्टीट्यूट (आईपीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहते हुए हुई थी। उन्होंने कहा, साल 2009 में जब मैं अमेरिका में राजदूत था, तब ये मुलाकात हुई। सारी सच्चाई पब्लिक डोमेन में मौजूद है। सार्वजनिक रूप से करीब 3 मिलियन ईमेल हैं। इसके 8 साल बाद मैं मंत्री बना। इस दौरान 3-4 मुलाकातों का जिक्र है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एप्स्टीन से उनकी मुलाकात केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के तहत हुई थी।

- राहुल गांधी द्वारा जिक्र किये जाने के बाद मंत्री पुरी ने स्पष्ट किया।

## 'आपने भारत माता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा गया है कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर के ऊर्जा और तकनीकी उत्पाद खरीदेगा। उन्होंने कहा, "हम मूर्खों की तरह खड़े हैं। हमारा टैरिफ 18 प्रतिशत तक बढ़ गया है... और उनका 16 प्रतिशत से घटकर शून्य हो गया है।"

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हस्तक्षेप किया और गांधी से, जो विपक्ष के नेता भी हैं, अमेरिका के साथ हुए समझौते पर अपने दावों के समर्थन में तथ्य पेश करने को कहा।

रिजिजू ने कहा, "भारत की प्रगति से आपको खुशी नहीं होती। कांग्रेस ने 2014 तक देश को कमजोर किया और अब असंतुष्ट है.."

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को "अब तक का सबसे मजबूत प्रधानमंत्री" भी बताया।

राहुल गांधी ने व्यापार समझौते की फिर से आलोचना उस समय की, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका समझौते के विवरण के साथ जारी की गई एक 'फैक्टशीट' से पीछे हट गया।

संशोधित दस्तावेज में अमेरिकी उत्पादों की सूची से 'दालों' को हटा दिया गया। इस सूची में कई कृषि और प्रोसैस्ड खाद्य उत्पाद शामिल थे, जिन पर भारत ने टैरिफ कम करने या घटाने पर सहमति जताई थी।

## भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि वे विपक्ष के उन कुछ नेताओं में से एक हैं, जो सत्ता से सच बोलने से नहीं डरते हैं और न ही उन्हें आसानी से डराया जा सकता है।

## बांग्लादेश में जमात ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा, "भारत और बांग्लादेश एक-दूसरे के लिए बहुत जरूरी हैं और हमें साथ मिलकर काम करना होगा।"

इस बयान को इस रूप में देखा जा रहा है कि जमात, अपने पुराने इतिहास और पहले पाकिस्तान समर्थक रुख के बावजूद, भारत के साथ काम करने की संभावना तलाशने के लिए तैयार है। हाल के महीनों में भारत से दूरी बनाकर रखना बांग्लादेश के लिए फायदेमंद नहीं रहा है और यह सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है, क्योंकि बांग्लादेश की ज्यादातर जमीनी सीमा भारत से लगती है। हालांकि बांग्लादेश के जानकारों के अनुसार, बीएनपी अभी आगे मानी जा रही है, लेकिन जमात ने उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की है, जहाँ पहले वह कमज़ोर थी। पार्टी पर लगा प्रतिबंध हटने के बाद उसने यह बढ़त हासिल की है और अब वह बहुमत हासिल करने का लक्ष्य रख रही है। जमात के अमीर डॉ. शफीकुर रहमान ने कहा, सिर्फ एक साल पहले मेरी पार्टी को कमज़ोर माना जा रहा था और कहा जा रहा था कि हमें बहुत कम सीटें मिलेंगी। आज जमात बहुमत के करीब खड़ी है। यह जनता की इच्छा है। जब जनता एकजुट होती है तो उसे कोई नहीं रोक सकता।"

## रितु तावड़े ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महापौर तावड़े और उपमहापौर घाड़ी शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे और राज्य सरकार इस कार्य में उनका पूरा सहयोग करेगी।




राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908